आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

• वर्ष- 16 अंक 198- • जबलपुर • रविवार, 21 अगस्त, 2022 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • भाद्रपद कृष्ण पक्ष-10 • विक्रम संवत 2079 शके 1935

## पंजाब में आतंकी हमले का अलर्ट

**चंडीगढ़, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मोहाली दौरे से पहले पंजाब में आतंकी हमले को लेकर अलर्ट जारी हुआ है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ढ्डस्ढ्ढ चंडीगढ़ और मोहाली को दहलाने की फिराक में है। आतंकी किसी बस स्टैंड को निशाना बना सकते हैं। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने इस बारे में पंजाब सरकार को इनपुट भेजा है। जिसके बाद पंजाब पुलिस की तरफ से सुरक्षा बंदोबस्त को लेकर प्लानिंग शुरू कर दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अगस्त को मोहाली आ रहे हैं।

## बम विस्फोट में पुतिन के करीबी अलेक्जेंडर की बेटी की मौत

**मास्को, एजेंसी।** रूसी राष्ट्रपति पुतिन के करीबी अलेक्सांद्र डुगिन की बेटी की शनिवार देर रात हत्या कर दी गई। मॉस्को के बाहर एक कार में बम विस्फोट किया गया, जिसमें अलेक्सांद्र की बेटी दरिया डुगिन की मौके पर मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक दरिया डुगिन एक म्यूजिक प्रोग्राम से घर वापस लौट रही थीं, तभी उनकी गाड़ी में ब्लास्ट हो गया।



# लबालब पुल बीच में बस, बह गए 6 यात्री, 1 की मौत

चित्रकूट,एजेंसी। चालक की घोर लापरवाही से निजी बस में सवार 15 लोगों की जान खतरे में पड़ गई और एक महिला की मौत हो गई। मानिकपुर में बरदहा नदी का पानी बिना रेलिंग के पुल के ऊपर बह रहा है, लेकिन चालक इस पुल को पार करने की कोशिश कर रहा था। बीच में जाकर बस बंद हो गई। उसने ब्रेक फेल होने की बात कहकर यात्रियों से उतरने के लिए कहा। यात्री उतरकर नदी पार करने लगे। इस दौरान छह यात्री बह गए। स्थानीय लोगों ने सभी को बचाकर अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान एक महिला ने दम तोड़ दिया। शुक्रवार रात हुई जबरदस्त वर्षा से बरदहा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। इससे नदी का पानी मानिकपुर में ऊंचाडीह-डभौरा मार्ग पर चमरौंहा रपटे के ऊपर से बह रहा है। शनिवार दोपहर बाद मध्य प्रदेश के रींवा जिले के डभौरा से सवारी लेकर मानिकपुर आ रहा चालक बस को बिना रेलिंग के पुल को पार कराने का प्रयास करने लगा। बहाव तेज होने की वजह से बस अनियंत्रित होने लगी, लेकिन चालक नहीं माना। कुछ दूर आगे चलकर बस बंद हो गई। इसके बाद चालक ने ब्रेक फेल होने की बात कहकर यात्रियों से उतरने के लिए कहा। इतना सुनते ही यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। यात्री पानी में उतरने लगे।

इसमें से छह यात्री बहने लगे। किसी तरह लोगों ने सभी को बचाया और सीएचसी मानिकपुर ले गए। यहां इलाज के दौरान रीवा जनपद के जवा थाना क्षेत्र के गडुआई मजरा मदारी निवासी 52 वर्षीय शकुंतला देवी पत्नी लच्छू कोल की मौत हो गई।

### स्टंट का वीडियो बनवा रहा था पुलिस का जवान, नदी के तेज बहाव में बहा

उमरिया जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश की वजह से तेज बहाव में डूबने की दूसरी घटना सामने आई है। चंदिया क्षेत्र के करहिया गांव स्थित महानदी डैम में नहाने गया पुलिस का जवान प्रीतम लोधी उम्र 25 वर्ष डूब गया है। लगातार बारिश के कारण नदी का जलस्तर बढ़ने से मौके पर मौजूद राज्य आपदा प्रबंधन की टीम भी रेस्क्यू नहीं कर पा रही है। आरक्षक पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ था। वह किस वजह से गांव गया था यह पता नही चल पा रहा है।पुलिस जवान के नदी में बहने का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में साफ दिखाई पड़ रहा है कि जवान स्टंट कर रहा था और अपने स्टंट का वीडियो बनवा रहा था। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि पुलिस का जवान नदी के बीच में बने डैम के ऊपर चहलकदमी कर रहा है। इसके बाद वह तेज धारा में छलांग लगा देता है।

छलांग लगाने के काफी देर बाद तक पुलिस का जवान दिखाई नहीं पड़ता, लेकिन कुछ क्षण बाद ही वह दो तीन बार ऊपर नीचे होता हुआ दिखाई देता है और उसके पश्चात उसका कहीं पता नहीं चलता।

# जानलेवा बारिश तबाही का मंजर

**नई दिल्ली, एजेंसी। मानसून के दूसरे दौर की बारिश अब लोगों के लिए जानलेवा साबित होने लगी है। देश के पांच राज्यों से तबाही की खबर सामने आ रही है जहां 24 घंटों में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से 33 लोगों की मौत हुई, जबकि 17 लापता हैं।**

## 33 की मौत , 17 लापता

हिमाचल में बाढ़, लैंडस्लाइड और बादल फटने की 34 घटनाओं में 22 लोगों की मौत हो गई जबकि 17 लापता हैं। सबसे अधिक तबाही मंडी, कांगड़ा और चंबा में हुई। वहीं, उत्तराखंड में चार ने जान गंवाई। इसके अलावा ओडिशा में चार, जम्मू-कश्मीर में दो और झारखंड में एक की मौत हुई। इस बीच कई इलाकों में बाढ़ का अलर्ट भी जारी किया गया है। पहाड़ों पर हुई बारिश के बाद शनिवार को गंगा, कोटावाली और मालन नदी का जलस्तर बढ़ गया है। संगम नगरी प्रयागराज में गंगा और यमुना दोनों ही नदियों में आई बाढ़ अब लोगों के लिए बड़ी मुसीबत का सबब बनती जा रही है। बाढ़ का पानी अब रिहायशी इलाकों में भी घुसने लगा है। बिजनौर बैराज पर तैनात अवर अभियंता पीयूष कुमार ने बताया कि खादर क्षेत्र के फतेहपुर प्रेम गांव के समीप 24 घंटे से गंगा का कटान चल रहा था। जिसे रोकने के लिए स्थानीय ग्रामीण जुटे हुए हैं।

बिहार के कई जिलों में भी बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। इन जिलों में बक्सर, पटना, भोजपुर ,सारण शामिल हैं। इसके अलावा सहरसा, कटिहार, खगडि़या में भी बाढ़ का पानी निचले इलाके में प्रवेश कर गया है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है।

ओडिशा के 10 जिलों बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है। बाढ़ के कारण कई जिलों की नदियां उफान पर हैं। साथ ही प्रदेश के निचले स्तर में पानी घुसने से कई लोग बेघर हो गए हैं। भारत मौसम विभाग ने कहा है कि उत्तर पश्चिमी छत्तीसगढ़ और इससे सटे पूर्वोत्तर मध्य प्रदेश और दक्षिण पूर्व यूपी पर गहरा दबाव कमजोर होकर डिप्रेशन में बदल गया। यह उत्तर मध्य प्रदेश में पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ना जारी रखेगा और अगले 24 घंटों के दौरान एक अच्छी तरह से चिह्नित निम्न दबाव क्षेत्र में कमजोर होगा।



हिमाचल में खाई लटकी बस

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और तीन राज्यों के मुख्यमंत्री कल भोपाल में



भोपाल,यशभारत। भोपाल में 22 अगस्त को होने वाली मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अलावा तीन राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार शाह बैठक से एक दिन पूर्व (21 अगस्त को) ही भोपाल पहुंच रहे हैं। क्षेत्रीय परिषद में मध्य प्रदेश के अलावा छत्तीसग?, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्य शामिल हैं। पहले यह बैठक रायपुर में छह अगस्त को होने वाली थी लेकिन अंतिम दिन निरस्त होकर भोपाल में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में राज्यों के आर्थिक विकास, सुरक्षा और कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। खासतौर पर राज्यों में बढ़ रहे सायबर अपराध और नक्सलवाद सहित कई अन्य मुद्दों पर समन्वय की रणनीति तैयार की जाएगी। इससे पहले वर्ष 2020 में छत्तीसगढ़ में यह बैठक आयोजित की गई थी, इसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री कमल नाथ शामिल हुए थे। केंद्र सरकार द्वारा गठित वैधानिक संस्था मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के अलावा छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री व अधिकारी सहित 60 लोग शामिल होंगे। इस परिषद का गठन राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिश पर 1956 में किया गया था। इसके तहत सभी राज्यों को छह परिषद में बांटा गया है।

## सागर का मरीज SRव टाइफस से पीड़ित



### भोपाल के निजी अस्पताल में चल रहा है उपचार

**सागर यशभारत।** सागर के तिली वार्ड निवासी 37 वर्षीय मरीज के स्क्रब टाइफस से पीड़ति होने की पुष्टि हुई है। मरीज का उपचार भोपाल के लिए निजी अस्पताल में चल रहा है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग के पास अभी मरीज की जांच रिपोर्ट नहीं आई है, यही वजह है कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) पोर्टल पर भी यह जानकारी नहीं है। वहीं दूसरी ओर मरीज में स्क्रब टाइफस होने की खबर मिलते ही तिली वार्ड में स्वास्थ्य विभाग ने सर्वे शुरू कर दिया है। मरीज के घर के आसपास सर्वे किया जा रहा है। सीएमएचओ डा. डीके गोस्वामी के मुताबिक तिली वार्ड निवासी 38 वर्षीय व्यक्ति की तबीयत 6 अगस्त को अचानक बिगड़ गई। उसे हाथ-पैर में दर्द, बुखार और सर्दी की शिकायत हो रही थी। संजय ड्राइव स्थित एक अस्पताल में निमोनिया के लक्षण मानते हुए उपचार किया गया। हालत में सुधार होने पर 11 अगस्त को छुट्टी कर दी गई।



## महाकौशल में घनघोर बारिश

## डिंडौरी, उमरिया, सिवनी, शहडोल में कई मार्ग बंद

**जबलपुर डिंडौरी,सिवनी, शहडोल यशभारत।** जबलपुर और इसके आसपास के जिलों में शनिवार से लगातार हो रही बारिश से नदी नाले उफान पर है। कई जिलों को जोड़ने वाले पुल के ऊपर भी पानी पहुंच गया है। इसकी वजह से कई मार्ग बंद हो गए हैंं। जबलपुर अमरकंटक मार्ग ग्राम बरगांव के पास रविवार की सुबह चार बजे से बंद है। बिलगढा जलाशय लबालब भर जाने से यहां छह गेट खोले गए हैं। गेट खोले जाने और बारिश के चलते पानी बरगांव के पास पुल के ऊपर तीन फीट से अधिक आ गया है। मार्ग बंद होने से दोनों ओर वाहनों का जमावड़ा लगा हुआ है। डिंडौरी, उमरिया, सिवनी, शहडोल, कटनी सहित अन्य जिलों में लगातार वर्षा हो रही है। इस बारिश में फसलों के नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। बालाघाट में हल्की बारिश हो रही है। स्थिति सामान्य बनी हुई है। कटनी जिले के बरही खितौली से उमरिया रोड़ में बगदरीपुल के ऊपर करीब 6 फुट और खितौली से चंदिया मार्ग में कर्चुलिहा के पास ष्उमरारनदी का पानी पुल के ऊपर लगभग 7 फुट पानी होने से आवागमन बन्द है।सिवनी जिले में शनिवार-रविवार की पूरी रात वर्षा का दौर जारी रहा है। जिले में हो रही तेज वर्षा से भीमगढ़ बांध सहित अन्य नदी नालों का जल स्तर बढ़ गया है। कटनी जिले के बरही खितौली से उमरिया रोड में बगदरी पुल के ऊपर करीब छह फीट और खितौली से चंदिया मार्ग में कर्चुलिहा के पास उमरार नदी का पानी पुल के ऊपर लगभग सात फीट पानी होने से आवागमन बंद है। प्रशासन द्वारा जवान तैनात किए गए हैं। अमरकंटक से निकलने वाली जोहिला नदी पर बने मन का डैम के सभी पांच गेट खोले गए।

### 10 वर्षीय बालक नाले में बहा

उमरिया जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर घुलघुली के निकट घोड़छत्र नदी में बाढ़ आ गई है कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम धनवाही में तेज बारिश में उफनाये नरसरहा नाले में मछली मारने गया 10 वर्षीय साहिल पिता ज्ञान सिंह बह गया है।

### बिलगड़ा बांध का वेस्ट वेयर फूटने के कगार पर

डिंडौरी शहपुरा में करोड़ों रुपए खर्च कर बनाया गया बिलगड़ा बांध का वेस्टवेयर फूटने की कगार पर पहुच गया है। बांध और नहर निर्माण में बरती गई मनमानी से समस्या बढ़ रही है। रविवार को तेज बारिश के चलते बांध के पानी निकासी के लिए बनाया गया वेस्टवेयर की दीवार फूटने के कगार पर पहुँच गई है। यदि ऐसा हुआ तो हजारों किसानों की फसल तबाह हो जाएगी।

# राहुल का इनकार, सोनिया बीमार

## गैर-गांधी का कांग्रेस अध्यक्ष बनना तय !

### चर्चाओं का दौर जारी, लग रहे कयास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष के चुनाव नजदीक आ रहा है। हालांकि, अभी तक पार्टी के शीर्ष पद के लिए नाम को लेकर चर्चाओं का दौर थमा नहीं है। खबर है कि पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी फिर से कमान संभालने के मूड में नहीं हैं। वहीं, मौजूदा अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी के नाम पर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। इसे लेकर सवाल बरकरार है कि पार्टी का नया अध्यक्ष गांधी परिवार से ही होगा या नहीं। एक निजी चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बताया कि शीर्ष पद स्वीकार करने के लिए राहुल को मनाने के लिए की जा रही कोशिशें असर नहीं दिखा रही हैं। वह अपने पार्टी सदस्यों की अपीलों को खारिज कर रहे हैं। वहीं, खबर है कि सोनिया गांधी ने भी स्वास्थ्य के चलते पार्टी अध्यक्ष पद पर लौटने की संभावनाओं से इनकार कर दिया है। इसके अलावा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा का नाम भी दौड़ में माना जा रहा था। दरअसल, सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस के कई नेता गांधी को ही अध्यक्ष बनाना चाहते हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद समीकरण बदल सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भक्त चरण दास ने बताया, हां, उन्होंने (राहुल गांधी) ने कहा है कि उन्हें दिलचस्पी नहीं हैं, लेकिन हम इसपर काम कर रहे हैं और उनसे पद संभालने का अनुरोध कर रहे हैं। नहीं तो उन्हें हमें बताना होगा कि यह पद कैसे भरा जाएगा।ञ्ज इधर, राहुल सितंबर में कन्याकुमारी से भारत जोड़ों यात्राञ्ज निकालने की तैयारी में हैं। क्या गांधी परिवार के हाथ से जाएगी कमान? खास बात है कि चुनावों में लगातार हो रही हार और बड़े नेताओं के पार्टी छोड़ने से कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ रही हैं।

## 23 बार में भी नहीं फूटी दही-हांडी वीडियो वायरल हुआ तो कुम्हार को ढूंढ रहे लोग

नई दिल्ली, एजेंसी। भगवान कृष्ण जन्मोत्सव के पर्व पर पूरे देश में जन्माष्टमी की धूम रही। प्रत्येक साल की तरह इस बार भी देश के तमाम हिस्सों में दही हांडी फोड़ने की परंपरा मनाई गई। ऐसा होता है कि एक गोविंदा अपने साथियों के ऊपर चढ़कर मटके को फोड़ता है। इस बार एक ऐसा वीडियो सामने आया है जिसे देखकर लोगों का सिर चकरा गया है।दरअसल, यह यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ है। एक निजी चैनल की एक रिपोर्ट के मुताबिक यह वीडियो महाराष्ट्र के किसी जिले का है। इसमें दिख रहा है कि दही हांडी का एक जबरदस्त प्रोग्राम चल रहा है। इसी बीच एक पिरामिड बनाकर ऊपर लटके मटके को फोड़ने का प्रयास होता है लेकिन मटके को 23 बार लगातार फोड़ने की कोशिश के बावजूद वह नहीं फूटा।



## रीवा में अफीकन स्वाइन फ्लू से 1500 से ज्यादा सूअरों की मौत इंसानों को कोई खतरा नहीं

**रीवा, एजेंसी।** रीवा में सूअरों की लगातार हो रही मौतों की आई जांच रिपोर्ट ने पशु विभाग की चिंता बढ़ा दी है। रीवा से भेजे गए सैंपल में अफ्रीकन स्वाइन फीवर की पुष्टि हुई है। भोपाल स्थित राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान से जांच रिपोर्ट आते ही हड़कंप मच गया है।रीवा शहर में 12 दिन के अंदर 1500 से ज्यादा सूअरों की मौत हो चुकी है। पशु चिकित्सा विभाग का अमला स्वाइन फीवर मानकर वैक्सीनेशन कर रहा था। लेकिन भोपाल से जांच रिपोर्ट आने पर अब डोर-टू-डोर सर्वे कर जानकारी जुटाई जा रही है। पशु चिकित्सा विभाग के उप संचालक डॉ. राजेश मिश्रा ने शनिवार को आनन-फानन में बैठक बुलाई। इस बैठक में पशुपालन विभाग, नगर निगम एवं वेटरनरी कॉलेज के अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में डोर-टू-डोर सर्वे के लिए टीम गठित की गई है यह कार्य 24 घंटे में पूरा करने का टारगेट दिया गया है।



# मनीष सिसोदिया को अभी जारी नहीं हुआ लुकआउट सर्कुलर

## राजनीति तेज, भाजपा हुई हमलावर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की आबकारी नीति घोटाला माामले में डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की परेशानी बढ़ती जा रही है। मामले में सीबीआई की टीम तेजी से जांच कर रही है। इस बीच रविवार सुबह यह खबर तेजी से फैली कि मामले में Manish Sisodia समेत 13 आरोपियों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी कर दिया गया है। आरोपियों के विदेश भागने की आशंका में यह कार्रवाई की गई है। खुद मनीष सिसोदिया और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर बयानबाजी शुरू कर दी। हालांकि सच्चाई यह है कि सीबीआई की ओर से अभी इस तरह का कोई नोटिस जारी नहीं हुआ है। मीडिया में खबर आने के बाद सीबीआई ने कहा कि नोटिस जारी नहीं हुआ है, लेकिन जल्द जारी कर दिया जाएगा। आपकी सारी रेड फैल हो गयी, कुछ नहीं मिला, एक पैसे की हेरा फेरी नहीं मिली, अब आपने लुक आउट नोटिस जारी किया है कि मनीष सिसोदिया मिल नहीं रहा। ये क्या नौटंकी है मोदी जी? मैं खुलेआम दिल्ली में घूम रहा हूँ, बताइए कहाँ आना है? आपको मैं मिल नहीं रहा? इस बीच दिल्ली में आबकारी नीति को लेकर राजनीति तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी (आप) उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को निर्दोष बता रही है। भाजपा ने सिसोदिया से आगे बढ़ते हुए आबकारी नीति में गड़बड़ी के मामले में मुख्यमंत्री अरविद केजरीवाल को कठघरे में खड़ा कर दिया है। भाजपा नेता व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि इस मामले में भले ही सिसोदिया आरोपित नंबर वन हैं लेकिन किंगपिन केजरीवाल हैं। दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता के साथ संयुक्त प्रेसवार्ता में अनुराग ठाकुर ने कहा कि आप की सरकार वास्तव में च्रेवड़ी और बेवड़ी सरकार है। सिसोदिया ने अपने प्रेस कांफ्रेंस में कहा है कि आबकारी नीति घोटाले की चिता न करें यानी उन्होंने मान लिया कि घोटाला हुआ है। उन्होंने तंज किया कि मनीष सिसोदिया का नाम वस्तुत: मनी... होना चाहिए क्योंकि वह पैसे लेकर चुप्पी साध लेते हैं। केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने कहा कि दिल्ली सरकार की ओर से आबकारी नीति घोटाले पर कोई जवाब नहीं आ रहा है। कई सवाल रखते हुए उन्होंने कहा कि अगर आम आदमी पार्टी में नैतिक बल है तो 24 घंटे के अंदर इसका जवाब दे। उन्होंने पूछा कि यदि केजरीवाल सरकार की आबकारी नीति सही थी, तो इसे वापस क्यों लिया गया?

### केजरीवाल का केंद्र पर हमला : रोज सुबह उठकर CBI-ED का खेल शुरू कर देते हैं, ऐसे देश कैसे तरक्की करेगा?

दिल्ली में आबकारी नीति पर सियासत गरमाई हुई है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि ऐसे समय जब आम इंसान महंगाई से जूझ रहा है, करोड़ों की संख्या में युवा बेरोजगार हैं, केंद्र सरकार को सभी राज्य सरकारों के साथ मिलकर बेरोजगारी और महंगाई से लड़ना चाहिए। उसकी बजाय ये पूरे देश से लड़ रहे हैं। रोज सुबह उठकर CBI ED का खेल शुरू कर देते हैं। ऐसे देश कैसे तरक्की करेगा? ऐसे समय जब आम इंसान महंगाई से जूझ रहा है, करोड़ों की संख्या में युवा बेरोज़गार हैं, केंद्र सरकार को सभी राज्य सरकारों के साथ मिलकर बेरोज़गारी और महंगाई से लड़ना चाहिए।उसकी बजाय ये पूरे देश से लड़ रहे हैं। रोज़ सुबह उठकरU CBI ED का खेल शुरू कर देते हैं।





## इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी –बड़ेरिया चैरिटेबल फाउंडेशन का अंगदान पखवाड़ा

# साइंस –समाज के बीच सेतु बनेगा सौगात : सौरभ बड़ेरिया

### नेत्रदान से कोई अंधा पैदा नहीं होता–डॉ पवन स्थापक



**जबलपुर, यशभारत।** नेत्रदान से कोई अंधा पैदा नहीं होता, बल्कि दो लोगों को ईश्वर की इस रचना दुनिया को देखने का अवसर प्रदान करता है। ऐसी भ्रांतियों को दूर करने के लिए सरकार के साथ–साथ समाज को भी प्रयास करने होंगे। अंगदान के लिए हमें मिल कर जागरूकता उत्पन्न करने की आवश्यकता है। उक्त उदगार मुख्य अतिथि की आसंदी से डॉ पवन स्थापक अध्यक्ष इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी और बड़ेरिया चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा अंगदान पखवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए।अध्यक्षता कर रहे रेडक्रॉस सोसायटी के उपाध्यक्ष सौरभ बड़ेरिया ने कहा कि आज साइंस और समाज एक साथ बैठा है,अब जरूर ठोस प्रयास होंगे। सामाजिक भ्रांतियों को दूर करने पूज्यनीय संत समाज और धर्मगुरुओं का भी मार्गदर्शन प्राप्त किया जाएगा। इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों के लोगो को एक मंच पर लाने हेतु आज एक सेतु के रूप में सौगात (सोसायटी फॉर ऑर्गन यूटिलाइजेशन एस गिफ्ट अवेयरनेस टास्क) का गठन किया जा रहा है।

**समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना है–** अंगदान पखवाड़े के अंतर्गत हुए एक गरिमामय कार्यक्रम में नगर के प्रमुख चिकित्सकों और वरिष्ठ एवं युवा समाजसेवियों ने निर्णय लिया कि समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना है और सभी को अंगदान के लिए प्रेरित करना है।वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ शैलेंद्र राजपूत ने कहा कि समाज में जागरुकता उत्पन्न हो रही है पहले जब हम मरीजों को रक्त की आवश्यकता होने पर परिजनों से रक्तदान करने की बात करते थे तो सब भाग जाते थे अब ऐसा नहीं है, एक मांगों दो लोग रक्तदान करने खड़े हो जाते हैं।

**जनजागरूकता के अभाव में लाखों लोग अंगदान प्राप्त करने से वंचित–** कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ताओं डॉ विशाल बढ़ेरा, डॉ राजेश पटेल ने अंगदान की उपयोगिता और चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि लाखों लोग जनजागरूकता के अभाव में अंगदान प्राप्त करने से वंचित हैं। डा. पी जी नाजपांडे ने कहा कि एक सुनियोजित अभियान निरन्तर चला कर, शासन, जन और चिकित्सकीय तंत्र को अंगदान में सुगमता लाने के लिये तैयार किया जाएगा। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव आशीष दीक्षित ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में कहा कि इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी शरीर दान के क्षेत्र में काफी काम कर चुका है और अंगदान के क्षेत्र में भी सभी एनजीओ शासन प्रशासन को साथ में लेकर सौगात के साथ हर संभव प्रयास करेगा कि जबलपुर में अंग प्रत्यारोपण और सुगमता से उपलब्ध हो। मुख्य अतिथि डॉ पवन स्थापक ने सभी को अंगदान करने की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुनील मिश्रा ने किया।

## निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश, 3 दिन का अल्टीमेटम

# सिविक सेंटर चौपाटी स्थित मैदान से उठेगा कचरा : महापौर



**जबलपुर,यशभारत।** जनहित और जन भावनाओं से जुड़े मुद्दों पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू द्वारा निरंतर संवेदनशीलता से काम किया जा रहा है। आज महापौर ने सिविक सेंटर चौपाटी स्थित मैदान का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि अनुश्री के पीछे तरफ स्थित निगम स्वामित्व की मैदान की भूमि पर कचरे का अंबार लगा हुआ है। उन्होंने तत्काल ही निगम के अधिकारियों को मौके पर बुलवाकर 3 दिन के भीतर मैदान की सफाई कर उसे आकर्षक स्वरूप दिए जाने के निर्देश दिए। महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि सिविक सेंटर क्षेत्र एक बड़ा व्यवसायिक केंद्र होने के साथ–साथ चौपाटी में शहर के सम्माननीय नागरिकगण बड़ी संख्या में अपने परिवारों के साथ पहुंचते हैं ऐसे में सिविक सेंटर चौपाटी के समीप ही मैदान पर कचरे का अंबार लगा है ।उन्होंने इस अवसर पर कहा कि यहां सफाई होना जरूरी है। यहां सफाई कराकर परिसर को स्वच्छ रखा जाएगा इसके लिए महापौर श्री अन्नू ने 3 दिन के भीतर कचरा उठवा कर क्षेत्र को साफ–सुथरा किये जाने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने अधिकारियों से स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए शहर को साफ सुंदर एवं स्वच्छ बनाए जाने का अपना संकल्प दोहराया और अधिकारियों से इस दिशा में निरंतर पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से कार्य किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि स्वच्छता के कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी एवं उनके द्वारा निरंतर शहर के अनेक क्षेत्रों का भ्रमण कर स्वच्छता की असलियत देखी जाएगी। निरीक्षण के दौरान पार्षद अयोध्या तिवारी ,शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी, अतुल वाजपेई आदि उपस्थित थे।

# स्व. परसाई ने जो कुछ सहा उसे अपने व्यंग्य में ढाला

### जन्मदिवस पर विवेचना की स्कूली व कॉलेजी विद्यार्थियों की स्पर्धाएं आयोजित

जबलपुर यशभारत।विवेचना द्वारा मानकुअंर बाई महिला महाविद्यालय के साथ संयुक्त रूप से निबंध और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कालेज के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता का विषय 'परसाई जी के लेखन में शिक्षा जगत' रखा गया था। इस पर बोलते हुए मानकुंअर बाई महाविद्यालय की छात्रा डिम्पी राउते ने कहा कि परसाई जी की रानी नागफनी की कहानी , ग्रांट अभी तक नहीं आई है आदि में परसाई जी ने शिक्षा जगत में व्याप्त भ्रष्टाचार , जातिवाद पर गहरा व्यंग्य किया है। हवाबाग महिला महाविद्यालय की छात्रा अंशिका दुबे ने परसाई जी की रचनाओं में शिक्षा जगत में सुधार के विषय को रेखांकित किया। परसाई जी के जीवन संघर्ष पर केन्द्रीय विद्यालय जी सी एफ के छात्र अश्विन शर्मा ने कहा कि परसाई जी का जीवन संघर्षों से भरा था। परसाई जी ने जो कुछ सहा उसे व्यंग्य में ढाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा श्रीमती सुधा मेहता प्राचार्य ने की व मुख्य अतिथि डा श्रीमती प्रज्ञा अनुरागी थीं। कार्यक्रम का संचालन डा स्मृति शुक्ला ने किया। इस अवसर पर विवेचना की ओर से बोलते हुए हिमांशु राय ने कहा कि अगले वर्ष परसाई जी का शताब्दी वर्ष प्रारंभ होगा। यह पूरे देश में मनाया जाएगा। हमारी कोशिश रहेगी कि इस दौरान जबलपुर में ब? कार्यक्रम आयोजित हों।





## एक शाम देश के नाम, राष्ट्रभक्तिपूर्ण गीतों की प्रस्तुति

# शहीदों के परिजनों व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान

**जबलपुर, यश भारत।** मंथन संस्था,रोटरी क्लब जबलपुर साउथ,एकता और शक्ति समूह,पाथेय संस्था एवं महाकौशल शहीद स्मारक ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर देशभक्ति पूर्ण फिल्मी गीतों का आयोजन एक शाम देश के नाम एवं शहीद परिवारों का सम्मान शहीद स्मारक सभागार में किया गया 7 बबलू मैथ्यूज के संगीत निदेशन एवं डॉ. अनिल कुमार कोरी के संयोजन में कलाकार सुशील श्रीवास्तव,डॉ. अनिल बाजपेई, माया पांडे,अर्चना गोस्वामी,राजेश तिवारी,इंजी.जी. व्ही.अग्रवाल, संध्या जैन,विनीता पैगवार विधि,संदीप बनौधा, अरविंद विश्वकर्मा, मनोज शर्मा, प्रांजली दिघाते, नेहा खरे, विनोद श्रीवास्तव एवं मंथन के संगीत संयोजक डॉ. अनिल कुमार कोरी ने देशभक्ति पूर्ण फिल्मी गीतों को प्रस्तुत किया। समारोह के मुख्य अतिथि जगत बहादुर सिंह अन्नू महापौर थे ।अध्यक्षता सुनील फाटक पूर्व प्रांतपाल रोटरी जिला 3261 ने की । विशिष्ट अतिथि डॉ.जितेंद्र जामदार प्रदेश उपाध्यक्ष जन अभियान परिषद,डॉ. हरिशंकर दुबे, अखिल मिश्र निर्वाचित प्रांतपाल रोटरी,ब्रिगेडियर विपिन त्रिवेदी, समाजसेवी सूरज जयसवाल, हरीश रीझवानी, अध्यक्ष रोटरी क्लब जबलपुर साउथ, रमेश डोंगरा, रोटरी क्लब जबलपुर साउथ थे ।प्रारम्भ में दिशा दर्शक अमरेन्द्र नारायण एवं मंथनश्री संस्था के अध्यक्ष संतोष नेमा संतोष ने आयोजन पर प्रकाश डाला। संचालन राजेश पाठक प्रवीण एवं विनीता विधि ने किया । समारोह में स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों के परिवारों के साथ विविध क्षेत्रों की विभूतियां जिसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कोमलचंद जैन के साथ कविवर स्व.गोविंद प्रसाद तिवारी स्मृति में श्री अभय तिवारी, शहीद गुलाब सिंह पटेल स्मृति में उनके परिजन,शहीद रमेशकुमार की स्मृति में श्रीमती सुनीतासिंह,शहीद गजेन्द्रसिंह की स्मृति में श्रीमती सुनीतासिंह, समाजसेवा के क्षेत्र जादूगर एस.के. निगम एवं श्रीमती प्रीति गुप्ता संस्थापक उड़ान वेलफेयर फाउंडेशन को सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी को देश की मूलधारा से जोड़ने के लिए राष्ट्रीय चेतना के कार्यक्रमों का विशिष्ट महत्व है।आज आवश्यकता है की हम सब मानवीयता की भावना के साथ देश के विकास के लिए आगे आएं। समापन कृष्ण भजन से हुआ।प्रारम्भ में अंकिता गिनारा के निर्देशन में बाल कलाकारों ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। पूर्वाध्यक्ष रोटे . अरुण कान्त अग्रवाल, रोटे .आर.पी.अग्रवाल व रोटे . प्रमोद वैश्य का सराहनीय सहयोग रहा ।अतिथि स्वागत आशुतोष तिवारी, राजेन्द्र मिश्र,सुभाष शलभ,अस्मिता शैलीने किया।समारोह में अनुराग गढ़वाल,संजय चौधरी, दुर्गेश ब्यौहार,डॉ.सलमा जमाल,प्रभा शील,अर्चना गिरि, सुनीता गिनारा,संतोष दुबे,गणेश प्यासा, रजनी कोठारी , रजिया आशी, वर्षा नवनीत राठौर,शोभा तिवारी सहित अनेक गणमान्यजन उपथित थे। आभार संतोष नेमा संतोष ने व्यक्त किया।

# आयुध निर्माणी कर्मियों को आधे सत्र हेतु17 दिन का बोनस




### शेषआधे सत्र के बोनस की घोषणा होगीआयुध निगमों की ओर से

**जबलपुर यशभारत।** दशहरा के अवसर पर आयुध निर्माणियों के कर्मियों को मिलने वाले बोनस के लिए आधे सत्र की गणना के बाद आयुध निदेशालय ने17दिन के बोनस की घोषणा कर दी है ।शेष आधे सत्र का बोनस सात निगमों में बटी निर्माणियों के लिए निगम मुख्यालय से उनके उत्पादन लक्ष्य के आधार पर होगा ।यानी सभी निर्माणियों के कर्मचारियों को17दिन का बोनस एक सा मिलेगा जबकि आधे सत्र का बोनस बनाए गए निगमों के हिसाब किताब के अनुसार मिलेगा ।आधे सत्र के लिए आयुध निदेशालय ने बोनस गणना का आधार और उसके आधार पर निकले बोनस की जानकारी गत18अगस्त को जारी पत्र में कर दी है ।जिसमें आयुध निदेशालय की ओर से पंकज कुमार सहायक निदेशक समन्वय द्वारा कहा गया है कि रक्षा मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन के आधार पर 24 सितंबर 2021 को आयुध निर्माणी बोर्ड को नये डीपीयूस में स्थानांतरित कर दिया गया है जो1अक्टूबर 2021से प्रभावी हो गया है। अत: निदेशालय ने1अप्रैल 22से 20 सितंबर 22 तक 6माह तक के उत्पादन आधारित बोनस की गणना के आधार पर साढ़े 16दिन यानी17दिन के बोनस का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय को प्रेषित कर दिया है। इधर दूसरी ओर विभिन्न निगमों में बंटे आयुध फैक्ट्री कर्मचारी अपने निगमों की ओर शेष6माह के बोनस की घोषणा के इंतजार में है ।जानकारों के अनुसार नये आयुध निगम अपने उत्पादन के आधार पर अलग अलग बोनस की घोषणा कर सकते हैं ।पिछले दिनों सरकार ने सातों निगमों के उत्पादन की समीक्षा जारी की थी ।जिसमें यंत्र इंडिया लिमिटेड मात्र में घाटा दिखाते हुए शेष 6 निगमों को लाभ में दर्शाया गया था।

## सरकार पर हावी है आई एस लाबी : कर्मचारी संघ का आरोप

**जबलपुर,यशभारत।** मध्य प्रदेश सरकार आई एस अफसरों और कर्मचारियों के बीच भारी भेदभाव कर रही है, अंग्रेजों की तरह फूट डालो नीति अपना कर जहां प्रमोसन दिए जा रहे है वहीं महगाई भत्तों के एरियस देने में भेद भाव किया जा रहा है। म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के योगेंद्र दुबे ने अधिकारियों और कर्मचारियों को अलग अलग लाभ दिए जाने की घोर निन्दा की है, संघ की जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के 10 लाख कर्मचारियों के मंहगाई भत्ते में 03 प्रतिशत बढोतरी करते हुए माह अगस्त 2022 से दिये जाने की घोषणा की गई है, किन्तु सकार की घोषणा में बकाया माहों के एरियर्स का कोई उल्लेख नहीं किया गया है। जबकि इसके विपरीत प्रदेश के आई.ए.एस. आई. पी. एस एवं आई. एफ. एस अफसरों को




03 प्रतिशत डी.ए एरिसर्य सहित नगद भुगतान किये जाने निर्णय लिया गया है। इससे पूर्व भी राज्य शासन द्वारा कर्मचारियों के साथ छलावा करते हुए जनवरी 2022 से घोषित 11 प्रतिशत डी. ए. एरियर्स डकार लिया गया है। शासन के इस दोहरे मापदण्ड से प्रदेश के शासकीय, निगम, मण्डल में कार्यरत लगभग 10 लाख कर्मचारियों में भारी आक्रोश एवं निराशा व्याप्त है। म. प्र.तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के अर्वेन्द्र राजपूत, अवधेश तिवारी, अटल उपाध्याय, मुकेश सिंह, आलोक अग्हिोत्री, मंसूर बेग, आशुतोष तिवारी, डॉ0 संदीप नेमा, दुर्गेश पाण्डे, बृजेश मिश्रा, नितिन अग्रवाल, गगन चौबे, मनीष चौबे, योगेन्द्र मिश्रा, मनोज सेन आन्नद रैकवार, मो0 तारिख, धीरीन्द्र सोनी, गणेश उपाध्याय, अभिषेक मिश्रा, सोनल दुबे, देवदत्त शुक्ला, विनय नामदेव, प्रियांशु शुक्ला, पवन ताम्रकार, विवेक तिवारी, श्यामनारायण तिवारी, महेश कोरी, नितिन शर्मा आदि ने माननीय मुख्यमंत्री म.प्र. शासन से मांग की है कि प्रदेश संघ लोक सेवा आयोग के अधिकारियों के समान राज्य कर्मचारियों को डी.ए एरियर्स का नगद भुगतान एवं अन्य लाभ दिए जाये। अन्यथा संघ धरना, आन्दोलन हेतु वाध्य होगा।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अभियान को गति देने जनजागरूकता अभियान

**जबलपुर,यशभारत।** स्वच्छता जनजागृति टीम नगर निगम के द्वारा संभाग क्रमांक 15 सुहागी के अंतर्गत राम मंदिर शंकर नगर सुहागी में मोहल्ला समिति के साथ मीटिंग की गई, जिसमें डोर टू डोर कचरा प्रबंधन, 4 भागों में कचरे का पृथक्कीकरण, होम कंपोस्टिंग, सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध तथा पॉलीथिन कैरी बैग के दुष्परिणामों के संबंध में जन जागरण किया गया उपरोक्त कार्यक्रम में नगर निगम की ओर से मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक धर्मेन्द्र राज, कोदू लाल अहिरवार, सुपरवाईजर लक्ष्मण, मोहित पटैल, पार्षद योगेन्द्र उइके, शिवशक्ति मोहल्ला समिति अध्यक्ष फूलचंद रजक, कुणाल पटैल, दिलीप पटैल, पूर्व सरपंच प्रीतम केवट, डॉ. राजू जाधव आदि उपस्थित हुए। मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक धर्मेन्द्र राज ने शिवशक्ति मोहल्ला समिति को प्लास्टिक से दूर रहने तथा घरों में खाद बनाने की विधि को अपनाने हेतु अपील की गई समिति के अध्यक्ष फलचंद रजक के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया एवं मोहल्ले में कंपोस्टिंग यूनिट लगाने हेतु नगर निगम को आश्वासन दिया गया।

# बालसभा में पहुंचे पंहुचे एसडीएम, विद्यार्थियों से पूछे सवाल, बांटे जाति प्रमाण पत्र

**जबलपुर, यशभारत।** एकीकृत शासकीय यशोदाबाई अग्रवाल कन्या उधातर माध्यमिक विद्यालय खितौला बाजार में शनिवार को प्राथमिक व माध्यमिक विभाग की कक्षा एक से आठ तक के बच्चों की बालसभा का आयोजन हुआ। इस आयोजन में एसडीएम आशीष पांडे, जनपद अध्यक्ष रश्मि मृगेन्द्र अग्निहोत्री, जनपद उपाध्यक्ष दिलीप पटेल पहुंचे ।एसडीएम पांडे ने छात्र–छात्राओं से प्रश्न पूछे और उनको खूब हंसाया। साथ ही बच्चों से कहा कि अपने माता–पिता का आशीर्वाद प्राप्त करें व उनका सम्मान करें। उन्होंने कहा कि बालसभा से बधाों की स्वतंत्र अभिव्यक्ति के गुणों का विकास होता है। बच्चों में रचनात्मक और सृजनात्मक गुण विकसित होते हैं। जनपद अध्यक्ष रश्मि मनेंद्र अग्निहोत्री ने बधाों को अच्छी शिक्षा के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एसडीएम पांडे व अतिथियों ने छात्र–छात्राओं के 79 जाति प्रमाण पत्रों का वितरण किया। शिक्षकों ने जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, एसडीएम का स्वागत किया।कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य शांति कुटार, जिला शिक्षा केंद्र एपीसी घनश्याम बर्मन, जनपद शिक्षा केंद्र से बीएसी बृजेश श्रीवास्तव, अरविंद ज्योतिषी, उदय राज त्रिपाठी, जयप्रकाश तिवारी, संतोष कोरी, आराधना यादव, रजनी महोबिया, आरती नायक, सरिता तिवारी, रमा पाठक, धनवंती जेसवानी, लीलावती उरमलिया, प्रिया कुशवाहा व लगभग 225 छात्र उपस्थित रहे। सभा का संचालन व स्वागत वरिष्ठ शिक्षक जयप्रकाश तिवारी ने किया।

### सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में जबलपुर प्रदेश के शीर्ष दो जिलों में शामिल

**जबलपुर,यशभारत।** सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के मामले में जबलपुर जिले ने लगातार तीसरी बार प्रदेश के शीर्ष दो जिलों में अपना स्थान बरकरार रखा है। लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा आज शनिवार को जारी की गई जुलाई माह की ग्रेडिंग में जबलपुर जिले को सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिये प्रथम समूह के जिलों में छिंदवाड़ा जिले के बाद दूसरा स्थान हासिल हुआ है। पिछले छह माह से टॉप तीन जिलों में शामिल हो रहे जबलपुर जिले ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में जुलाई माह की ग्रेडिंग में 79.87 वेटेज स्कोर हासिल किया है। जबकि संभाग के छिंदवाड़ा जिले ने 81.35 वेटेज स्कोर प्राप्त किया है ।इसके पहले जबलपुर जिला सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण में माह जून में 80.95 एवं माह मई में 81.11 वेटेज स्कोर प्राप्त कर भी प्रदेश के प्रथम समूह के शीर्ष दो जिलों में शामिल रहा है। कलेक्टर डॉ इलैयाराजा टी ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में जुलाई माह में मिली उपलब्धि पर सभी विभागों के जिला अधिकारियों को बधाई दी है।



## प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर पौधारोपण

**जबलपुर, यश भारत।** भारत रत्न, पंचायती राज व सूचना क्रांति के जनक, आधुनिक भारत के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर नगर सेवादल द्वारा राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया तत्पश्चात हितकारिणी महिला महाविद्यालय (सिटी कॉलेज) में पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया । जिसमें प्रिंसिपल सहित समस्त स्टाफ ने हिस्सा लिया । नगर सेवादल अध्यक्ष सतीश तिवारी, महिला सेवा दल अध्यक्ष एडवोकेट मीनाक्षी स्वामी, यंग ब्रिगेड अध्यक्ष यतेंद्र सोनी, श्वेता दुबे,उमेश पटेल, विनय नेमा, विष्णु विनोदिया, राकेश चक्रवर्ती, गुरु भाई, पिंटू सोनी, गुड्डा झारिया, गुड्डा पंडित, महेश मिश्रा, रीना विश्वकर्मा, मोनिका सिंह, गौरी सेन, महेश गुप्ता, वाडॉक्टर निलेश पांडे, (प्रिंसिपल) एस एस राठौर स्पोर्ट्स ऑफिसर, डॉ सुनीता श्रीवास्तव, डॉ सुनीता जैन , डॉ पूर्णिमा शर्मा, छाया दुबे, अग्रिमा तिवारी, डॉक्टर अंजली ठाकुर, रश्मि तिवारी, सुभ्रा सेन, आयुष दुबे, इत्यादि उपस्थित रहे।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर यादव महासभा ने निकाली भव्य शोभायात्रा



### मनमोहक झांकियां अहीर नृत्य अखाड़ा रहा आकर्षण का केंद्र

**जबलपुर,यशभारत।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा जबलपुर (शहर) अध्यक्ष रामदास यादव (ग्रामीण) अध्यक्ष रामकुमार यादव ने बताया कि वर्षों की परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी जन्माष्टमी के पावन पर्व पर शुभारंभ स्थल पुराना बस स्टैंड स्थित श्री कृष्ण भगवान की समाज के वरिष्ठ दिनेश यादव, भारत सिंह यादव, श्री संजय यादव एवं सुश्री मधु यादव ने पूजन कर यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा बस स्टैंड से मिलौनीगंज, हनुमान ताल होते हुए भान तलैया तक जुलूस निकला जिसमें मनमोहक भगवान श्री कृष्ण की झांकियां, अहीर नृत्य, अखाड़ा की टोलियां अपना प्रदर्शन कर आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया महापौर जगत बहादुर अन्नू सिंह विधायक विनय सक्सेना जी महिला यादव महासभा जिला अध्यक्ष कमलेश यादव, शहर अध्यक्ष सुमन यादव, ग्रामीण अध्यक्ष विनीता यादव, प्रभा यादव, प्रदेश महासचिव पूर्व विजय यादव, रामसेवक यादव, मनोज यादव, नरेश यादव, गुलाब यादव, भूपेंद्र यादव, गोविंद यादव, संजय यादव रीगल, सुनील यादव, दीपचंद यादव, ऋषि यादव, राजेश यादव, विनीश यादव, युवा अध्यक्ष शशांक यादव, शुभम यादव, बवला यादव, सचिन यादव, शारदा यादव, राजू यादव, डेलन यादव, गौतम यादव, वालवोध यादव, सीताराम यादव, नारायण यादव, रतनोम तिवारी, उदय यादव, युवा जिला अध्यक्ष राघवेंद्र यादव, बबलू यादव, वीरेंद्र यादव, रेखा विनोद जैन, खुर्शीद अंसारी, अश्वनी यादव, सुमन यादव, उमेदा यादव, कल्लू बाई आदि हजारों की संख्या में सामाजिक बंधु शामिल रहे।

### निकली श्री कृष्ण मंदिर संकल्प यात्रा

हिन्दू सेवा परिषद् द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर दादा ठन ठन पाल प्रखंड में श्री कृष्ण मंदिर संकल्प यात्राज्ज का आयोजन किया गया जो कि ग्राम वीरनेर स्थित नारायण धाम मंदिर से श्री कृष्ण भगवान की महाआरती के पश्चात यात्रा प्रारंभ हुई जो कि विभिन्न ग्रामों से होते हुए ग्राम घाना तिराहा में लघु धर्म सभा के रूप में संपन्न हुई। यात्रा के दौरान भगवा झंडा यात्रा का आकर्षण रहा और निरंतर जयघोष के साथ यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई।श्री कृष्ण मंदिर संकल्प यात्रा में अतुल जेसवानी, सौरभ जैन, मनोज तिवारी ,अनिल कुशवाहा, मुकेश बर्मन, गणेश यादव, मनोज रजक, बृजेश कुशवाहा, गोलू कुशवाहा, दशरथ कुशवाहा, राजा रजक, अभिषेक अहिरवार, उमेश रजक, चिराग पिल्लई आदि उपस्थित थे।





### श्री सिद्ध पीठ काली मंदिर सदर प्रांगण में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

काली मंदिर सदर प्रांगण के अंतर्गत श्री कृष्ण जन्मोत्सव का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें बच्चों को धर्म ज्ञान प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का अवसर मिला। बच्चों का नृत्य कंपटीशन हुआ जिसमें बच्चे राधा एवं कृष्ण के रूप में थे। एवं अंत में श्री राधा कृष्ण की रासलीला बाल लीला, एवं रात्रि 12:00 बजे श्री कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में रमेश यादव प्रदीप महावर विक्रांत अग्रवाल धर्मेंद्र बावरिया अपूर्वा राजू राय मोनल तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# बजरंग नगर गढ़ा में युवक की हत्या

## चाकू से कान काट दिए, आधा सिर फटा हुआ मिला



### जज के बंगले में सुरक्षा गार्ड था युवक, 6 से 7 युवकों ने मिलकर किया हमला

जबलपुर, यशभारत। गढ़ा के बजरंग में 33 साल के युवक की चाकू और धारदार हथियारों से हत्या कर दी गई। मृतक जज के बंगल में सुरक्षा गार्ड का काम करता था। शनिवार की रात एक फोन आने पर बजरंग पहुंचा था जहां किसी बात पर 6 से 7 युवकों ने उस पर हमला कर दिया। मृतक के छोटे भाई अंकित दाहिया ने बताया कि 20 अगस्त शनिवार की रात बड़े भाई श्रीकांत दाहिया को फोन आया तो वह बजरंग जाने के लिए घर से निकल गए। देर रात सूचना मिली कि भाई श्रीकांत दाहिया लहुलूहान हालात में बजरंग में पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंचे तो भाई का सिर फटा हुआ था, दोनों कान कटे हुए थे। इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया।

### झगड़े सुलझाने पर गई जान

इधर गढ़ा पुलिस का कहना है कि मामले की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की तो पता चला कि मृतक श्रीकांत दाहिया दो युवकों का विवाद निपटा रहे थे इसी दौरान दोनों युवकों की बहस उससे होने लगी। इसके बाद कुछ युवक और पहुंचे और उस पर धारदार हथियारों से हमला कर घायल कर दिया।

### जज के बंगले में सुरक्षा का गार्ड था मृतक

परिजनों ने बताया कि मृतक श्रीकांत दाहिया डॉक्टर कॉलोनी में नेहरू नगर स्थित एक जज के बंगले में चौकीदार थे। मृतक नौकरी से घर आया हुआ था इसके बाद फोन आने पर दोस्तों से मिलने बजरंग पहुंचा था।

### कैमरे में कैद हुए संदिग्ध, दो अभिरक्षा में

घटना स्थल से कुछ वीडियो फुटेज पुलिस के हाथ लगे जिसमें कुछ संदिग्ध युवक नजर आ रहे हैं। पुलिस वीडियो के आधार पर दो युवकों को अभिरक्षा में लिया है जिनसे पूछताछ जारी है। बताया जा रहा है कि एक युवक फरार है जिसकी पुलिस तालाश कर रही है।

## ग्वारीघाट हत्याकांड का खुलासा

### आपसी रंजिश में ही पड़ोसी ने किया था अधेड़ का कत्ल, पुलिस ने आरोपी को दबोचा



ग्वारीघाट के विर्सजन कुंड के पास शनिवार को 58 साल के वृद्ध की चाकुओं से गोदकर हत्या करने वाले पड़ोसी धरवेन्द्र रैकवार 40 वर्ष निवासी दुर्गा नगर को पुलिस ने दबोच लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने आपसी रंजिश के चलते वृद्ध की चाकुओं से गोदकर निर्मम हत्या कर फरार हो गया था। जिसे पुलिस ने देर रात घरोबंदी कर दबोच लिया। गौरतलब है कि दुर्गा नगर भटौली निवासी प्रीतम रैकवार 58 वर्षीय रोजाना की तरह कल सुबह घर से अपनी एक्टिवा गाड़ी में कुत्ते के साथ निकला था। देर सुबह तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन की लेकिन कहीं पता नहीं चला। परिजनों को सूचना मिली कि विर्सजन कुंड के पास प्रीतम रैकवार की लाश पड़ी हुई है। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस लगातार पड़ताल में जुटी रही।



मामला संदिग्ध, घर वालों ने छोड़ दिया था...पुलिस पड़ताल जारी

## गोहलपुर में वृद्ध दिव्यांग का मिला शव

गोहलपुर थाना अंतर्गत रद्दी चौकी में आज रविवार सुबह एक वृद्ध का शव मिलन के बाद हड़कंप मच गया। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मृतक को परिजनों ने छोड़ दिया था, जिसके बाद वह भीख मांगकर खाता था। रात में वह टीन शेड के नीचे सोया था, जहां उसकी मौत हो गयी। पूरा मामला फिलहाल संदिग्ध है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मोह. समीर 40 वर्ष निवासी अमन चौक सुब्बाशाह मैदान के पास हनुमानताल ने सूचना दी कि वह ईगल कम्पनी का सुपर वाईजर है। उसकी कम्पनी का आफिस रद्दी चौकी में है। आज सुबह आफिस के गेट के सामने एक अज्ञात व्यक्ति उम्र लगभग 55 वर्ष का मृत अवस्था में पड़ा है, सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया है।



कृषि विज्ञान केंद्र जबलपुर में आयोजन

## कृषि आदान विक्रेता को दक्ष करने के लिए देसी डिप्लोमा पाठ्यक्रम का शुभारंभ

**जबलपुर,यशभारत।** कृषि विज्ञान केंद्र जबलपुर की वरिष्ठ वैज्ञानिकव प्रमुख डा. रश्मि शुक्ला के निर्देशन में कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में शनिवार को कृषि आदान विक्रेताओं को दक्ष करने के लिए एक वर्षीय देसी डिप्लोमा पाठ्यक्रम के आठवें बेच का शुभारंभ उपसंचालक आत्मा परियोजना की परियोजना संचालक नविता श्रीवास्तव, वैज्ञानिक डां. ए.के.सिंह डां.यतिराज खरे द्वारा सरस्वती मैया के तैल चित्र पर पूजन अर्चन दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया परियोजना संचालक आत्मा नविता श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में उपस्थित कृषि आदान विक्रेताओं को संबोधित करते हुए कहा की एक वर्षीय देसी डिप्लोमा पाठ्यक्रम में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें। इस पाठ्यक्रम में आप कृषि की नवीन तकनीकियों,कीट रोग की जानकारी से अवगत होंगे इसलिए पूरी जानकारी का संकलन करना आवश्यक है जिससे भविष्य में आप एक संपूर्ण जानकारी से दक्ष आदान विक्रेता तैयार हो सके। देसी डिप्लोमा कोर्स के समन्वयक डां. यतिराज खरे ने आदान विक्रेताओं को कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया और बताया की मैनेज कोर्स हैदराबाद द्वारा निर्धारित एक वर्षीय देसी डिप्लोमा पाठ्यक्रम के अंतर्गत कुल चालीस दिन क्लास एवं आठ दिन प्रयोगात्मक क्षेत्र भ्रमण कराया जाएगा। पाठ्यक्रम अंतर्गत जिले की परिस्थितियों के अनुकूल विभिन्न विषयों पर कक्षा सत्र संचालित होंगे ,जिसमें अलग-अलग विषय के विशेषज्ञों द्वारा मुख्य रूप से कृषि जलवायु,मृदा विज्ञान,शस्य ज्ञान,उद्यान विज्ञान,प्रक्षेत्र में उपयोग होने वाले उन्नत यंत्रों, मृदा स्वास्थ्य कार्ड,विभिन्न अधिनियम के प्रशिक्षण सहित जानकारी प्रदान की जाएगी यह भी बताया की देसी डिप्लोमा पाठ्यक्रम में कुल 40 आदान विक्रेताओं का पंजीयन किया गया है। कार्यक्रम मे कृषि विज्ञान केंद्र जबलपुर के वैज्ञानिक डॉ.ए.केसिंह ने भी अपने विचार रखे कार्यक्रम में रौनक गुप्ता हेमचंद असाटी ममता पटेल सहित अनेक प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति रही।

## रेलवे कोच से चादर-कंबल,तकिया चुराने वाले 3 गिरफ्तार

■ रेलवे प्राइवेट कोच अडेंटर निकला सरगना ■ 14450 का माल जब्त, एक आरोपी फरार



**जबलपुर यश भारत।** ट्रेनों के एसी कोच से कंबल चादर की लगातार हो रही चोरियों की शिकायत के बाद आरपीएफ द्वारा कड़ी कार्रवाई करते हुए चोरों को अपनी गिरफ्त में लेते हुए उनके पास से चोरी की सामग्री जप्त करते हुए कार्रवाई की गई है। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी श्री मंसूरी ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व से शिकायतें प्राप्त हो रही थी कि यात्री गाड़ियों के एसी कोच से कम्बल व चादर आदि की कमी हो रही है। इसी क्रम मे मामले की जानकारी कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु उपनिरीक्षक सुनील कुमार मिश्रा को स्टाफके साथ तैनात किया गया। उक्त टीम द्वारा एक व्यक्ति को रेल्वे के 12 नग कंबल के साथ तहसीली चौराहा जबलपुर में संदिग्ध हालत में पकड़ा पूछताछ करने पर उसने अपना नाम राहुल चौधरी पिता चन्द्रभान चौधरी निवासी नरसिंहपुर बताया। कंबलों के संबंध में बताया कि वह रेल्वे प्राइवेट कोच अटेण्डर के पद पर (थार एण्ड संस कंपनी) जबलपुर में कार्य करता है जबलपुर से बनकर रवाना होने वाली गाड़ियों मे एसी कोच अटैण्डेंन्ट का काम करता है उन्हीं गाड़ियों के एसी कोच से कम्बलों को चोरी करना स्वीकार किया तथा बताया कि इन कम्बलों को वह अपने दोस्त इमामुलखान जो एसी कोच अटैण्डेंन्ट है को बेचने के लिये जा रहा था। आरोपी उपरोक्त के बतायेनुसार इमामुल खान को गोटेगॉव से पकडा गया पूछताछ करने पर उसने बताया कि में विनोद कन्नौजिया के साथ जबलपुर स्टेशन से आने-जाने बाली गाडियो में गोटेगॉव स्टेशन पर मौका पाकर रेल्वे के कम्बल चादरे आदि की चोरी करता हूँ तथा पूर्व में गाड़ियो से चुराई गई चादर,कम्बल, तकिये, कबर तथा टाबिलों को कंपनी में साथ में काम करने बाले अन्य तीन साथी गोलू मेहरा, शिवम कुशवाहा तथा रूपकुमार पटेल को बेचा था ये लोग नरसिंहपुर के रहने वाले है। अत: उसके बतायेनुसार नरसिंहपुर से उपरोक्त तीनो आरोपियो को पकडा गया तथा उनके बताये गये स्थानों से 79 नग सफेद चादरें, 08 नग तकिया, 15 नग तकिया कबर तथा 29 नग टॉबिलें कुल अनुमानित कीमत 14450/- की सम्पत्ति बरामद कर उपरोक्त आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 23/2022 धारा 3ए आरपीयूपी एक्ट पंजीकृत किया गया तथा मामले में फरार आरोपी विनोद कन्नौजिया की धरपकड़ हेतु प्रयास जारी है।

## रांझी में पत्नी से अप्राकृतिक कृत्य

**पीड़िता ने कहा- मैं परेशान हो चुकी हूं, समझाने पर भी नहीं मानता.....**

**जबलपुर, यशभारत।** रांझी के इंद्रा नगर में पत्नी के साथ अप्राकृतिक कृत्य कर, प्रताड़ित करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। रोते हुए थाने पहुंची पीड़िता ने कहा कि पति करीब एक महिने से लगातार अप्राकृतिक संबंध बनाकर उसे प्रताड़ित कर रहा है और विरोध करने पर मारपीट करता है। जिससे वह परेशान हो चुकी है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि इंद्रानगर निवासी पीड़िता 35 साल ने बताया कि वह नौकरी करती है। दिनभर के बाद घर पहुंचते ही 42 वर्षीय पति उसके साथ जबरन संबंध बनाता है। उसने समझाने की लाख कोशिशें की, लेकिन पति करीब एक महिने से लगातार प्रताड़ित कर रहा है। जिससे वह शारीरिक और मानसिक परेशान है। प्रताड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, आरोपी पति को तलाश करने में जुटी है।

## गढ़ा में लाखों की चोरी : मां वैष्णो देवी दर्शन करने गया था परिवार

जबलपुर, यशभारत। गढ़ा की एलआईसी कॉलोनी में चोरों ने मेन गेट का कुंदा तोड़कर लाखों की चोरी को अंजाम देकर, फुर्र हो गए। जिस वक्त यह घटना हुई पूरा परिवार मां वैष्णोंदेवी दर्शन करने गया हुआ था, जब वापस आया तो दंग रह गया। घर की अलमारी में रखे लाखों के गहने और नगदी पचास हजार गायब थे। पुलिस ने शिकायत के बाद एफआईआर दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि रमाकांत नेमा 40 वर्ष निवासी दुर्गा मंदिर के सामने एलआईसी कॉंलोनी थाना गढ़ा ने बताया कि घर में ताला लगाकर वैष्णों देवी दर्शन करने सपिरवार गया था। घर वापस आया तो ताले का कुंदा टूटा था अंदर जाकर देखा तो हॉल में रखी अलमारी का ताला लगा था। जिसमें रखे 1 हार एवं सेट के कान के बाले, 1 मंगलसूत्र 1 चेन 1 जोड़ी कंगन, लेडिस अंगूठी 7 नग, 8 जोड़ी सोने के कान के छोटे बाले, एक बच्ची की छोटी चेन वजनी लगभग 1 तोला, हाय चंद्रमा 2 नग, बच्चों की चांदी की करधन तथा 5 जोड़ी चांदी की पायल सहित हॉल मे लगी एलईडी टी.वी गायब थी तथा स्टोर रूम में तीन अलमारियों मे से नगदी लगभग 50 हजार रूपये गायब थे।

## गोराबाजार और सिविल लाइन में खेलते-खेलते गुम हुए नाबालिग

### पुलिस ने दस्तयाब कर किया परिजनों के सुपुर्द

**जबलपुर, यशभारत।** थाना सिविल लाईन और गोराबाजार थाना अंतर्गत खेलते खेलते गुम हुए दो नाबालिगों को समय रहते पुलिस ने दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अपने लाडलों को



पाकर परिजनों के कंठ रुंध गए और आखे छलछला आईं। जानकारी अनुसार हाई कोर्ट के पास एक 12 वर्षीय बालक खड़ा था। उक्त सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में 20 अगस्त को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल जबलपुर जिले के सिविल लाईन थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को घटना का विवरण देकर मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफने घटना स्थल पर पहुँचकर 12 वर्षीय बालक को संरक्षण में लिया गया। बालक से घर की जानकारी ली गयी एवं बालक को डायल-112/100 स्टाफने एफआर.व्ही. वाहन से ले जाकर पहचान व सत्यापन उपरांत उसके घर दुर्गा चौक बाबा टोला में दादी राम बाई चौधरी के सुपुर्द किया गया।

### रोते-बिलखते रहे परिजन

इसी प्रकार गोराबाजार में गीता धुर्वे निवासी भूरी बाई का बगीचा ने पुलिस को बताया कि उनका 15 वर्षीय बच्चा खेलते खेलते घर से गायब हो गया। जिसके बाद पुलिस ने देर रात बच्चे को मेन रोड गोराबाजार में ही दस्तयाब कर लिया। बालक रास्ता भटक गया था और रोड पर रो रहा था। जिसे परिजनों के सुपुर्द सौंप दिया गया।

## अधारताल, खितौला, सिहोरा में चोरों का आतंक

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर के तीन थाना क्षेत्रों में अज्ञात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए जेवर, नगदी पार कर दिए वहीं एक किसान की 19 कट्टी उड़द अज्ञात आरोपी पार कर ले गया। अधारताल थानांतर्गत कंचनपुर तीन पुलिया के समीप रहने वाले शुभम ठाकुर घर में ताला लगाकर नानी के घर घमापुर चले गए थे। ताला टूटने की सूचना मिलने पर शाम 4 बजे आकर शुभम ने देखा कि घर में रखा सामान बिखरा है। चेक करने पर पता चला कि रेडमी टीवी, सोने की दो अंगूठी, एक जेंट्स अंगूठी, चेन व चांदी की पायल व 10 हजार कैश गायब थे।

### दो घरों से जेवर, नगदी, 19 कट्टी उड़द ले उड़े चोर

#### घर से हार्डडिस्क, डीवीआर चोरी...

वहीं, सिहोरा थानांतर्गत ग्राम रिवझा में रहने वाले रामचरण राजपूत कल रात खाना खाने के बाद सो गए थे। देर रात 1.30 बजे रामचरण उठे तो देखा कि घर के अंदर की लाईट बंद थी और दरवाजा खुला था। घर में चोर घुसे होने की आशंका पर रामचरण ने अंदर जाकर देखा कि दो लोग कमरे से निकल कर भाग रहे हैं। रामचरण ने एक व्यक्ति को पकड़ लिया लेकिन वह हाथ झटक कर भाग गया। रामचरण ने अंदर जाकर देखा कि कमरे में रखा सामान बिखरा था। सूचना पर घर पहुंचे उनके नाती आदित्य ने अलमारी चेक की तो पता चला कि उसमें रखे बच्चे के सोने के गुरिया सीसीटीवी की हार्डडिस्क डीवीआर नहीं थी।

#### किसान के घर से 19 कट्टी उड़द चोरी...

खितौला थानांतर्गत आलासुरा खितौला में रहने वाले किसान गोपी किशन पटेल ने ग्राम सगोड़ी के व्यापारी बेड़ीलाल साहू को घर के पास गल्ले में रखा 9 क्विंटल 74 किलो उड़द बेचा था। जो पचास किलो की कट्टी के हिसाब से 19 कट्टी था। जिसकी कीमत 61 हजार 500 रुपये थी। व्यापारी बेड़ीलाल साहू वाहन न होने से उड़द सुरक्षित रखवा कर चला गया था। देर रात गोपीकिशन खेत तरफगया तो देखा कि गल्ले में रखी 19 कट्टी उड़द गायब थी। किसान को शक है कि उड़द बेड़ीलाल ही ले गया है।

## युवक पर कैंची से हमला

**जबलपुर, यशभारत।** कोतवाली में दवाई खरीदने निकले युवक को पहले तो बाइक सवार दो बदमाशों ने बाइक से कट मारा और विरोध करने पर कैंची से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि अंकुश अतरोलिया 36 वर्ष निवासी न्यू रामनगर धनी की कुटिया ने शिकायत दर्ज करवाई है कि दवा बजार में ड्रग एवं डील की दुकान में काम करता है। बाइक से दवा बजार जा रहा था। सिटी डिस्पेंसरी कोतवाली के सामने पहुंचा तो बाइक क्रमांक एमपी 20 एमपी 7190 से दो युवक उसके सामने से कट मारकर निकले, उसने विरोध किया तो दोनों गाली गलोज करने लगे। उसने गालियां देने से मना किया तो बाइक चालक अर्जुन चर्क्रवर्ती ने मारपीट शुरु कर दी। उसके साथ में बैठे युवक ने कैंची से हमलाकर उसके सिर लहूलुहान कर दिया और दोनों मौके से फरार हो गए।

## सिवनी के मजदूर ने लगाई फांसी, बरगी में चक्कर खाकर गिरे व्यक्ति की मौत

**जबलपुर, यशभारत।** बरगी थाना अतंर्गत ग्राम खुर्सी में चक्कर आने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई। तो वहीं, गोरखपुर में आज रविवार को सुबह एक अधेड़ मजदूर ने घर की रसोई में फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। पुलिस ने दोनों ही मामले में मर्ग कायम कर, मामले जांच में लिए है। बरगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सगड़ा झपनी निवासी 55 वर्षीय बाबूलाल पटेल मजदूरी करने ग्राम खुर्सी रमाकांत बबरिया के खेत गए थे। मेड़ के पास बाबूलाल को अचानक चक्कर व पसीना आया और मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। वहीं गोरखपुर के रामपुर चौधरी मोहल्ला में आज उस वक्त हड़कंप मच गया जब 46 वर्षीय राजू झारिया ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अधेड़ मजदूरी करता था और मूलत: सिवनी का निवासी था। परिजनों ने जैसे ही आज अधेड़ को फांसी पर झूलता हुआ देखा तो उनके होश फाक्ता हो गए। पुलिस को फिलहाल अधेड़ के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले की जांच जारी है।

कार्यालय उप संचालक उद्यान जिला जबलपुर
सत्यमेव जयते अपार्टमेंट अम्बेडकर चौक घमापुर रोड जबलपुर
दूरभाष क्रमांक - 0761-2620515 Email-ID : ddhjbp@gmail.com
क्रमांक/उद्यान/तक./विज्ञप्ति/2022-23/570 जबलपुर दिनांक 10.08.2022
विज्ञप्ति
सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि ग्राम खैरी विकासखंड शहपुरा जिला जबलपुर में लगभग 20.186 एकड़ शासकीय बगीचे में कृषि पार्क की स्थापना हेतु कृषक उत्पादन संघ (FPO) एवं स्व सहायता समूह (SHG) के चयन हेतु शील बंद निविदा जारी की गई है। इस हेतु आवेदन दिनांक 21.08.2022 से 30.08.2022 तक कार्यालय उप संचालक उद्यान जबलपुर में जमा कर सकते हैं, निविदा दिनांक 03.09.2022 को खोली जावेगी। निविदा संबंधी अधिक जानकारी के लिए डॉ. श्रीमति नेहा पटेल अमृते मोबाईल नंबर 9407555174 एवं दूरभाष नंबर - 0761-2620515 पर संपर्क कर सकते हैं एवं निविदा संबंधी शर्तें एवं आवेदन फॉर्म को उद्यानिकी विभाग की वेबसाइट www.mphorticulture.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं।
G-15710/22
उप संचालक उद्यान
जिला जबलपुर (म.प्र.)



# गणेश चतुर्थी पर ईको फ्रेंडली गणपति बप्पा की मूर्ति करें स्थापित



**हिंदू पंचांग के अनुसार हर साल भाद्रपद मास में शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर गणेश चतुर्थी मनाई जाती है। इस साल ये 31 अगस्त को गणेश चतुर्थी है। इसी दिन से 10 दिन का गणपति उत्सव मनाया जाता है। ऐसे में लोग घर में गणपति को विराजमान करते हैं। वैसे तो लोग बाजार में मिलने वाले गणपति लेकर आते हैं। लेकिन ये केमिकल से बने होते हैं तो वातावरण के लिए ये काफी खराब होते है। ऐसे में आप ईको फ्रेंडली मूर्ति बना सकते हैं। इस तरह की मूर्ती को आप बहुत आसानी से घर पर बना सकते हैं।**

यहां हम बता रहे हैं घर पर ईको फ्रेंडली गणपति की मूर्ति बनाने का तरीका।

### मिट्टी से कैसे बनाएं गणपति

1) इसे बनाने के लिए चिकनी मिट्टी लें और इसमें पानी को अच्छी तरह मिलाकर आटा गूंथ लें और फिर आटे को टुकड़ों में बांट लें।
2) चार टुकड़ों में से एक लें, इसे चपटा करें और अपनी मूर्ति का आधार बनाएं। किनारों को चिकना करने के लिए एक स्केल का इस्तेमाल करें।
3) मूर्ति में गोल-गोल आकार का धड़ बनाएं और मूर्ति के शरीर और आधार को जोड़ने के लिए टूथपिक का इस्तेमाल करें। अगर टूथपिक नहीं है, तो दोनों को चिपकाने के लिए पानी की 2-3 बूंदों का इस्तेमाल करें।
4) मूर्ति के पैर, हाथ और सूंड बनाने के लिए चार लंबे रोल बनाएं। दो रोल लें, रोल के सिरे को बाहर की ओर चपटा करें और उन्हें मूर्ति के धड़ पर चिपका दें। एक रोल लें, इसे मूर्ति के चारों ओर पैरों के ठीक ऊपर लपेटें और एक भुजा को ऊपर की ओर चपटा करें ताकि यह आशीर्वाद की तरह दिखे।
5) मूर्ति के लिए हथेली बनाएं। उस पर उंगलियों और अंगूठे को सावधानी से बनाएं। मिट्टी का एक और टुकड़ा लें और इसे एक गेंद के आकार में रोल करें और इसे शरीर के ऊपर रखें। वह मूर्ति का सिर है।
6) लंबे रोल का अंतिम टुकड़ा लें और इसे सिर के बीच में रखें। अपनी पसंद के आधार पर, सूंड को बनाएं। आप सूंड के सिरे को नुकीला लुक भी दे सकते हैं।
7) कान, आंख और लड्डू के लिए छोटे आकार के गोले बना लें। उनमें से सब के लिए पानी की 3-4 बूंदों का यूज करें और चिपका दें। कानों को चिपकाएं और उन्हें चपटा करें। आंखों को लगाएं और हाथ पर लड्डू रखें।
8) मूर्ति पर डिजाइन बनाएं। धोती बनाने के लिए मिट्टी की मूर्ति बनाने वाले औजारों का यूज करें। आप किसी एक कंधे पर स्टोल भी रख सकते हैं।

# लो कार्ब्स नहीं होते ये फूड्स, कहीं आप भी तो नहीं हैं कंफ्यूज ?

**फिट रहने या वजन कम करने के लिए लोग इस नए डाइट ट्रेंड को अपना रहे हैं। इसे फॉलो करना बहुत आसान लगता है। इस तरह की डाइट में हाई कार्ब्स वाली चीजों को डाइट में शामिल नहीं किया जाता है। वहीं, कुछ लोग बहुत कम मात्रा में कार्ब्स लेते हैं। लो कार्ब्स डाइट का सीधा-सा मतलब रोटी और पास्ता को अपनी डाइट से अलग करना है। हालांकि, बहुत सारे खाद्य पदार्थ ऐसे होते हैं जिनमें कार्ब्स छिपे होते हैं। ऐसे में लोग जानकारी की कमी में इन चीजों को खा लेते हैं। हम आपको ऐसी चीजें बता रहे हैं, जिनके बारे में लोगों को लगता है कि ये लो कार्ब्स फूड्स हैं लेकिन असल में ये कार्ब्स फूड्स होते हैं।**

### आम

मीठा और रसीला आम हर किसी का पसंदीदा फल होता है। यह विटामिन सी, एंटीऑक्सिडेंट, पोटेशियम और फाइबर सामग्री में समृद्ध है। यह फल आपकी स्किन टिश्यू को रिपेयर करने के लिए अच्छा होता है लेकिन इसमें कार्ब्स की मात्रा भी अधिक होती है। 165 ग्राम कटे हुए आमों में कम से कम 28 ग्राम कार्बोहाइड्रेट होता है।

### किशमिश

किशमिश प्राकृतिक रूप से मीठा और ऊर्जा से भरपूर ड्राई फ्रूट है। वे फाइबर, विटामिन और खनिजों से भरे होते हैं, जो पाचन में सहायता करते हैं। इससे आपकी हड्डियों को मजबूत रखते हैं। किशमिश के बारे में एक बात जो आप जानते होंगे, वह यह है कि इसमें कार्ब की मात्रा अधिक होती है। 28 ग्राम किशमिश में 22 ग्राम कार्ब्स होते हैं।

### केला



स्वस्थ और स्वादिष्ट केले कई आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। वे फाइबर, विटामिन बी 6, पोटेशियम में समृद्ध हैं और पाचन, हृदय स्वास्थ्य और वजन घटाने के लिए अच्छे हैं। एक मीडियम केले में 27 ग्राम कार्ब्स होते हैं।

### क्विनोआ

क्विनोआ ग्लूटोन फ्री होता है। यह प्लांट बेस्ड प्रोटीन होता है। जिसमें सभी नौ जरूरी अमीनो एसिड की पर्याप्त मात्रा होती है। यह ब्रेड को रिप्लेस करने का एक अच्छा ऑप्शन है। फिर भी इसमें बहुत अधिक कार्ब्स होते हैं। 100 ग्राम पके हुए क्विनोआ में 21.3 ग्राम कार्ब्स होते हैं।

### शरीर में खून की कमी दूर करती है भीगी हुई किशमिश

शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा कम होने पर व्यक्ति को कई रोग घेरने लगते हैं। किडनी से जुड़ी ज्यादातर बीमारियां खून की कमी से ही होती है। ऐसे में अगर आपके शरीर में भी खून की कमी रहती है तो जरूरी नहीं कि आप ब्लड बढ़ाने के सिर्फ दवा का ही इस्तेमाल करें। आप कुछ घरेलू नुस्खे आजमाकर भी अपने शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी को पूरा कर सकते हैं। ऐसा ही एक असरदार नुस्खा है भीगी हुई किशमिश। भीगे हुए किशमिश आयरन, पोटाशियम, कैल्शियम, मैग्नेशियम और फाइबर से भरपूर होते हैं। इनका नियमित सेवन करने से शरीर में खून की मात्रा बढ़ती है और एनीमिया रोग दूर होता है। शरीर में हीमोग्लोबिन बढ़ाने के लिए ऐसे करें भीगे हुए किशमिश का उपयोग- भीगे हुए किशमिश के इस नुस्खे को प्रयोग करने के लिए आपको रोजाना 50 ग्राम किशमिश और करीबी 1 छोटा ग्लास साफ पानी चाहिए। इस नुस्खे को अपनाने के लिए सबसे पहले रात को किशमिश को दो से तीन बार साफ पानी से अच्छी तरह धो लें। धोने के बाद किसी बर्तन में किशमिश डाल कर उसमें 1 ग्लास पानी डालकर ढक दें। सुबह उठकर पहले किशमिश का पानी पीएं फिर किशमिश खाएं। भीगी किशमिश के साथ उसका का पानी भी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

# भीगी हुई किशमिश खाने के फायदे

-

भीगी हुई किशमिश फाइबर से भरपूर होती है, इसका नियमित सेवन आहार में करने से डाइजेशन की समस्या से निजात मिलती है। आप एक गिलास पानी में 1 से 12 किशमिश भिगोकर खा सकते हैं, ऐसा करने से पेट साफ होता है।-भीगी हुई किशमिश इम्यूनिटी बढ़ाने का काम करती है। साथ ही यह बैक्टीरिया और संक्रमण से लड़ने में भी मदद करता है।
-दांत और हड्डियों को मजबूत बनाए रखने के लिए कैल्शियम की आवश्यकता होती है। ऐसे में किशमिश का सेवन दांतों और हड्डियों के लिए भी किया जा सकता है। आपको बता दें कि 100 ग्राम किशमिश के अंदर करीब 50 एमजी कैल्शियम होता है। जो आपके दांत और हड्डियों को मजबूत बनाने का कार्य करती है।-मुंह से आ रही बदबू को भी किशमिश के सेवन से खत्म किया जा सकता है।-अगर आपका वजन नहीं बढ़ता हो तो भीगी हुई किशमिश खाएं। इसका सेवन करने से आसानी से वजन बढ़ सकता है। यही नहीं इसमें एनर्जी ब ?ाने की क्षमता भी होती है।-भीगी हुई किशमिश में पोटाशियम होता है। इसका सेवन करने से हाइपरटेंशन की स्थिति में सुधार होता है।विशेषज्ञों का मानना है कि किशमिश के सेवन से आप हाइपरटेंशन की स्थिति से लड़ सकते हैं।

## आपका राशिफल 22 अगस्त

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंग। रुपए पैसों की सुविधा मिल जाएगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि व खर्चा बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-3-4-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-2-4-5

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। खान-पान में सावधानी रखें। शुभांक-4-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगें। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानी पूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। कोई धार्मिक यात्रा करेगें। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-2-4-6


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-4-6-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी) — कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। शुभांक-6-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-3-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग। शुभांक-2-4-6

## फिल्म वर्ग पहेली- 5903



**बायें से दायें:-**

१. मनोज, विवेक, अंतरा की 'मखमली ये बदन' गीतवाली फिल्म-२
२. 'मैं शायर तो नहीं' गीतवाली फिल्म-२
३. अभिषेक, ऋषिता भट्टा की फिल्म-४
६. 'बंदा ये बिंदास हैं' गीतवाली फिल्म-२
७. 'मेहंदी' में रानी का नायक?-३
८. 'तुझे देने को मेरे पास' गीतवाली अक्षय खन्ना, उर्मिला की फिल्म-४
१०. शाहरूख, चंद्रचूड, ऐश की फिल्म-२
१२. 'विल यू मैरी मी' गीत वाली अमिताभ, अमृता सिंह की फिल्म-२
१३. 'याइला रे लड़की' गीतवाली संजय दत्त, जैकी शिल्पा, की फिल्म-२
१४. इस फिल्म में अभिनय के लिये रवीना को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था-३
१५. 'हरे रामा हरे कृष्णा' से फिल्मों में आई एक ब्यूटी क्वीन-३
१७. 'हुई आँख नम' गीत वाली फिल्म-२
१८. जीतेंद्र, रणधीर कपूर, राकेश रोशन, रेखा, सनोबर कबीर की फिल्म-३
२०. राजकुमार, सुनीलदत्त वाली फिल्म 'हमराज' की नायिका-२
२१. 'ये रात ये बरसात' गीत वाली फिल्म-३
२२. मनोज वाजपेयी, रवीना की फिल्म-२
२३. 'मैं तुझसे मिलने' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा की फिल्म-२
२४. 'दिल हूम हूम करे' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'समंदर' में पूनम का नायक?-२
२७. शशिकपूर, शबाना की फिल्म-३
२९. 'चल प्रेमनगर जायेगा' गीत वाली रणधीरकपूर, बबीता की फिल्म-३
३०. 'ये जो हल्का हल्का सुरूर है' गीत वाली फिल्म-३
३१. सनी, तब्बू, रीमा सेन की एक फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'नाच मेरी बुलबुल' गीत वाली राजेश खन्ना, मुमताज की फिल्म-२
२. मिथुन, रति अग्निहोत्री की 'ऐ देखो इधर' गीत वाली फिल्म-३
३. इंतहा हो गई' गीत वाली अमिताभ, जया की फिल्म-३
४. डिनो मोरिया, बिपाशा की 'मुझे तेरे जैसी' गीत वाली फिल्म-२
५. 'यार बदल ना जाना' गीत वाली अक्षय, करीना की फिल्म-३
६. एलबम 'तेरा चेहरा' का गायक-४,२
९. निर्मात्री-नायिका पूजा भट्ट व शरद कपूर की एक फ्लॉप फिल्म-३
१०. 'जोगी मत जा' गीत वाली दिलीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-३
११. दिलीप, मनोज, वहीदा की 'आज पुरानी राहों से' गीत वाली फिल्म-३
१३. अमिताभ, जया की 'दीवाने हैं दीवानों को गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल दीवाने का' गीत वाली धर्मेन्द्र, नसीर, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
१८. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'सुनता जा' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की फिल्म-२
२०. अनिलकपूर, तब्बू, पूजा बत्रा की 'पायलें झूमें' गीत वाली फिल्म-४
२१. प्रदीप कुमार, नर्गिस की 'यूँ हसरतों के दाग' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'फूल माँगूँ ना बहार' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली - 5902**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## इन घरेलू तरीकों से ठीक करें सिरदर्द, नींद भी आएगी अच्छी

सिरदर्द सबसे आम परेशानी। शायद ही दुनिया में कोई ऐसा व्यक्ति होता जिसे कभी सिरदर्द नहीं हुआ होगा। कुछ लोग तो ऐसे होते हैं, जिनकी सुबह की शुरुआत ही सिरदर्द से होती है। सिरदर्द के कई कारण होते हैं। नींद पूरी न होना, स्ट्रेस, थकान, मेडिकल कंडीशन, शोर आदि। कई बार ऐसा भी होता है कि हमें सिरदर्द की कोई वजह समझ नहीं आती। ऐसे में कई लोग तो सिरदर्द होने पर हमेशा पेनकिलर का सहारा लेते हैं। उन्हें पेनकिलर्स खाने की इतनी आदत पड़ जाती है कि माइल्ड पेन होने पर भी वे बार-बार पेनकिलर्स लेने लगते हैं जबकि हमेशा पेनकिलर खाना सेहत पर भारी पड़ सकता है। इससे आपको कई हेल्थ इश्यू भी हो सकते हैं। आइए, जानते हैं सिरदर्द होने पर आप क्या उपाय कर सकते हैं-

### हेड मसाज

सिर की मालिश को कभी भी लाइट न लें, खासकर अगर आपके सिर में दर्द हो रहा है, तो आपको किसी भी ऑयल से हेड मसाज जरूर करानी चाहिए। इससे आपकी नसों को काफी आराम मिलता है और सिरदर्द से भी राहत मिलती है।

### आइस पैक

बर्फ के टुकड़ों को किसी कपड़े में लपेटकर माथे पर हल्के हाथों से दबाएं। इससे आपको दर्द से आराम मिलेगा। आप थोड़ी-थोड़ी देर में भी आइस पैक को माथे पर लगा सकते हैं। सिरदर्द को ठीक करने में यह सबसे कारगर उपाय है।

### हॉट राइस बैक

इसके लिए आपको कच्चे चावल को तवे पर गर्म करना है। इसके बाद इन चावलों को किसी पॉलीबैग में भर लें। इससे आप माथे पर सेंक लगा सकते हैं। इससे भी आपका सिरदर्द काफी हद तक ठीक हो जाता है।

### लैवेंडर ऑयल

लैवेंडर ऑयल का इस्तेमाल अरोमा थेरेपी में किया जाता है। इससे आपको शांति और सुकून मिलता है। इसके लिए सबसे पहले लैवेंडर ऑयल को गर्म कर लें और इसे किसी ऐसी जगह पर रख दें, जिससे इसकी महक अच्छी तरह आए।

### पानी

कभी-कभी पानी की कमी से भी शरीर खासकर सिर में दर्द होता है। ऐसे में शरीर को हाइड्रेट रखें और तेजी से कम से कम दो गिलास ठंडा पानी पिएं। इससे भी सिरदर्द में काफी आराम मिलता है।

### ब्रीदिंग एक्सरसाइज

ब्रीदिंग एक्सरसाइज को कम से कम 10 मिनट तक करें। इस एक्सरसाइज को करने से आपको काफी आराम मिलता है। ब्रीदिंग एक्सरसाइज से नसें काफी रिलेक्स हो जाती हैं। आयुर्वेदिक चाय भी सिरदर्द को ठीक करने में कारगर मानी जाती हैं। आप मसाला चाय भी पी सकते हैं।

## सूडोकु नवताल- 6419

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 5 | | 2 | | 4 |
| 4 | 5 | | | | 9 | 7 | 1 | 8 |
| | | | | 7 | | | 5 | 3 |
| | 8 | 2 | 7 | | 5 | | | 6 |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| 5 | | | 1 | | 2 | 8 | 3 | |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |
| 3 | 6 | 1 | 2 | | | | 9 | 5 |
| 2 | | 5 | | 1 | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6418 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |



**विचार प्रवाह**

क्रोध सोमवार को आए तो कहना कि सप्ताह की शुरुआत है। आज नहीं करूंगा। मंगल को आए तो सोचना मंगल को अमंगल क्यों करता। बुध को आए तो कहना बुध तो शुद्ध है। इसे अशुद्ध क्यों करूं। गुरु को आए तो बोलना गुरु का दिन है मन में शांति रखना है। शुक्र को आए तो कहना शुक्रिया भगवान का। शनि को आए तो सोचना शनि से दूर रहो। रवि को आए तो कहना आज तो छुट्टी का दिन है।

-मुनिश्री तरुण सागर

## शब्द पहेली - 7459



**बाएँ से दाएँ**

1. पेड़, दरख्त-2
3. प्रार्थना, पूजना-4
6. आदर्श, पैमाना-3
8. त्वचा, चमड़ी, खाल-2
10. सड़ने की प्रक्रिया, गलन-3
12. देव, देवता-2
13. चलने का ढंग-2
14. प्रशंसा, गुणगान-3
16. आरामदायक-5
17. कक्ष, रूम-3
19. हिंदू कलैंडर का एक महीना, भाद्रवा-2
20. 500 कागजों की गड्डी-2
21. कबाड़, खराब वस्तु-3
24. मजा, मस्ती-2
26. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
28. शोरगुल, -4
29. तह, परत-2

**ऊपर से नीचे**

2. माफी-2
3. झूठी शान, घमंड-3
4. गर्दन से नीचे का शरीर, देह-2
5. अपराध, गुनाह-2
7. रग, नाड़ी-2
8. सूत कातने का यंत्र-3
9. एकाएक-4
11. शीश झुकाए हुए-5
12. भोर, प्रातः-3
15. ननद का पति-4
16. विश्राम, राहत-3
18. रोगी, बीमार-3
22. उच्चतम-3
23. गरबा, नृत्य-2
24. मृत्यु-2
25. रास्ता, मार्ग-2
27. आनंदित, मौजी-2

**शब्द पहेली -7458 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# यूपीएससी में चयनित प्रदेश के 38 प्रतिभाओं का मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया सम्मान

## प्रदेश के विद्यार्थी कर सकते हैं चमत्कार

**भोपाल यशभारत।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा में ही नहीं, बल्कि नीट, आइआइटी, जेईई सहित अलग-अलग परीक्षा में प्रदेश के विद्यार्थियों का चयन हो रहा है। विद्यार्थी चयनित होने के बाद अपना दृष्टिकोण ऐसा रखें, जिससे प्रदेश और देश की जनता का भविष्य बन सकें और देश विकास के पथ पर आगे ब ?। विद्यार्थी सफलता-असफलता की परवाह किए बगैर आगे ब ?। कोई कार्य ऐसा नहीं है, जो आप नहीं कर सकते, लक्ष्य तय कर आगे ब ?ने पर सफलता जरूर मिलती है। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को रवींद्र भवन में आयोजित सफलता के सोपान सम्मान समारोह में कही। मुख्यमंत्री ने यूपीएससी में प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित 38 अभ्यर्थियों को शाल, श्रीफल और प्रतीक-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अहंकार कभी न करें। जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहें। सामान्य परिवारों से आकर, आप आगे ब ?, मुझे इस पर गर्व है। विनम्रता कभी न भूलें, सबको समान महत्व देकर कार्य करें। आइएएस, आइपीएस, सांसद, मंत्री व मुख्यमंत्री सब जनसेवक हैं। उन्होंने कहा कि स्वजनों के लिए कोमल और दुर्जनों के लिए वज्र से ज्यादा कठोर रहने की आवश्यकता है, जरूरत पड़े तो बुलडोजर चला दें। इस दौरान उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव ने कहा कि पूरे देश से 700 चयनित अभ्यर्थियों में से प्रदेश के 38 विद्यार्थियों का चयन हमारे लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि पूरे मध्यप्रदेश से यूपीएससी में विद्यार्थियों का चयन हुआ है।



### सफल अभ्यर्थियों ने प्रेरित किया

कार्यक्रम में यूपीएससी 2021 में चयनित सोनाली सिंह परमार ने कहा कि उचित दिशा में उचित परिश्रम करें। निर्धारित पथ पर अडिग रहें। वहीं ऐश्वर्य वर्मा ने कहा कि अपना देखा सपना पूरा करने की कोशिश करें, चाहे मुश्किलें कितनी भी आ जाएं। श्रद्धा गोमे ने कहा कि परीक्षा की तैयारी करने के पूर्व परीक्षा को समझना जरूरी है। परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। असफलता से घबराएं नहीं। टेक्नोलाजी का नियंत्रित और सही दिशा में उपयोग करें। परीक्षा जीवन का एक हिस्सा है, यह जीवन नहीं है।

### प्रदेश के विद्यार्थी चमत्कार कर सकते हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि चयनित अभ्यर्थी कृष्णपाल की मां आंगनवा ?ी सहायिका हैं। ऐसी स्थिति में सफल होकर दिखा देना हम सबके लिए गर्व की बात है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि दुनिया में कोई ऐसा कार्य नहीं है, जो मनुष्य नहीं कर सके। मनुष्य जैसा सोचता है वैसा बन जाता है। उन्होंने कहा कि एक छोटे से स्कूल से निकलकर मैं मुख्यमंत्री बन सकता हूं, तो आप क्यों नहीं सफल हो सकते हैं। अपनी रूचि का विषय चुन कर पूरी क्षमता से तैयारी करें। समय का एक क्षण भी न गवाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश के विद्यार्थी चमत्कार कर सकते हैं। उन्हें आवश्यक सुविधाएं दिलाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांधी मेडिकल कालेज में मेडिकल की पढ़ाई अब हिंदी में होगी। इंजीनियरिंग की प ?ाई भी हिंदी में कराई जाएगी।

## शिवराज बोले-पार्टी दरी बिछाने का काम देगी तो मैं करूंगा

**संसदीय बोर्ड से बाहर होने पर सीएम ने कहा-पार्टी कहेगी गांव में रहो तो वहां रहूंगा; मुझे अहम नहीं**

**भाजपा संसदीय बोर्ड से बाहर होने के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहली प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने शनिवार को कहा कि मुझे बिल्कुल भी अहम नहीं है कि मैं ही योग्य हूं। पार्टी मुझे दरी बिछाने का काम देगी तो राष्ट्र हित में यह करूंगा। पार्टी कहेगी कि जैत ( मुख्यमंत्री का गृह गांव ) में रहो तो वहां रहूंगा। पार्टी कहेगी कि भोपाल में रहो तो भोपाल में रहूंगा। राजनीति में व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा नहीं होना चाहिए।**


### शिवराज ने एक चैनल के कार्यक्रम में कहा

बीजेपी एक विशाल परिवार है। इसके प्रवाह में कोई आगे ब ?ता है तो कोई बाहर आता है। केंद्रीय स्तर पर एक टीम होती है जो यह तय करती है कि किसे, क्या काम करना है। जैसे हम प्रदेश में तय करते हैं। शिवराज ने कहा- राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संसदीय बोर्ड में जिन्हें शामिल किया है, वे सभी योग्य हैं। इसमें पूर्व-पश्चिम, उत्तर-दक्षिण को ध्यान में रखा गया है।

### 17 अगस्त को हुआ बोर्ड का पुनर्गठन

बीजेपी ने 17 अगस्त को अपने संसदीय बोर्ड का पुनर्गठन किया था। जिसमें कुछ नए चेहरों को जगह दी गई है जबकि मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को बाहर किया गया था। शिवराज बीजेपी के सबसे सीनियर मुख्यमंत्री हैं। यही वजह है कि वे पिछले 9 साल से संसदीय बोर्ड के सदस्य रहे। मध्यप्रदेश से अब दलित नेता सत्यनारायण जटिया को जगह मिली है। संघ के करीबी माने जाने वाले जटिया उज्जैन से 7 बार सांसद रहे। बीजेपी ने एक बार उन्हें राज्यसभा भी भेजा।

# गृहमंत्री अमित शाह आज आएंगे भोपाल कल इंटर स्टेट काउंसिल की बैठक लेंगे



**भोपाल, यशभारत।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह चार महीने बाद एक दिवसीय भोपाल दौरे पर शनिवार रात 11 बजे भोपाल पहुंचेंगे। शाह देर रात पहुंचने के बाद होटल ताज लेक फ्रंट में ठहरेंगे। अमित शाह कल इंटर स्टेट काउंसिल समेत पांच अलग-अलग कार्यक्रम में शामिल होंगे।केंद्रीय गृहमंत्री सोमवार को इंटर स्टेट काउंसिल बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक 11 बजे से 1 बजे तक कुशाभाऊ कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होंगी। इसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शामिल होंगे। इंटर स्टेट काउंसिल की बैठक में चारों राज्यों के मुख्य सचिव और दो-दो मंत्री भी भाग लेंगे। इंटर स्टेट काउंसिल में मध्य प्रदेश के करीब दो दर्जन मुद्दों पर चर्चा होंगी। इसमें पॉक्सो एक्ट, पुलिस के मॉडर्नाइजेशन का फंड बढ़ाना, भोपाल-इंदौर इंटरनेशनल एयरपोर्ट, होम गार्ड समेत पुलिस के रिफॉर्म के लिए फंड बढ़ाने समेत अन्य मुद्दे शामिल होंगे। गृहमंत्री दोपहर 2 बजे लाल परेड ग्राउंड आकर हेलीकॉप्टर से पुलिस अकादमी भौंरी पहुंचेंगे। यहां बरखेड़ा बोंदर में नेशनल फारेंसिक साइंसेस यूनिवर्सिटी का भूमिपूजन करेंगे। कार्यक्रम में 1 घंटे रूकने के बाद वापस हेलीकॉप्टर से लाल परेड आएंगे। यहां लाल परेड ग्राउंड से रवींद्र भवन पहुंचेंगे। 3.50 पर मध्य प्रदेश पुलिस के आवासों एवं प्रशासनिक भवनों का लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां से शाह शाम 5 बजे विधानसभा पहुंचेंगे। जहां भारत नई शिक्षा नीति पर आयोजित सेमिनार में हिस्सा लेंगे।

### अमित शाह के दौरे से पहले सुंदरीकरण में जुटा भोपाल नगर निगम

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दौरे से पहले नगर निगम व्यवस्थाएं करने में जुट गया है। नगर निगम आयुक्त केवीएस चौधरी कोलसानी ने शुक्रवार को अधिकारियों के साथ सड़कों का निरीक्षण किया और सुंदरीकरण करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान अपर आयुक्त पवन सिंह, प्रभारी मुख्य अभियंता पीके जैन, अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग और संतोष गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने सभी अधिकारियों को जल्द से जल्द साफ-सफाई, पेंटिंग, पौधे लगाने संबंधी व अन्य व्यवस्थाएं करने के लिए कहा है।

### अमित शाह के प्रवास पर परिवर्तित रहेंगे मार्ग, रविवार रात यहां जाने से बचें

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का रविवार रात लगभग 11 बजे स्टेट हेंगर भोपाल से होटल ताज आने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से वीआइपी के आगमन के समय के एक घण्टे पूर्व से यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया जाएगा। इसके अंतर्गत गांधीनगर तिराहा से नरसिंहगढ़ तिराहा लालघाटी की ओर आने वाले सभी प्रकार के मध्यम/भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। राजगढ़, गुना, ग्वालियर से आने वाली बसें हलालपुर बस स्टैंड के लिए मुबारकपुर बायपास से खजूरी स ?क बायपास बैरागढ होकर आ-जा सकेंगी। नादरा बस स्टेण्ड जाने हेतु उपरोक्त मार्ग की बसें बेस्ट प्राइज तिराहा होकर नादरा बस स्टैंड तिराहा की ओर आ-जा सकेगी। लालघाटी चौराहे से नरसिंहगढ़ तिराहा की ओर सभी प्रकार के मध्यम व भारी माल वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। इसी प्रकार से यात्री बसों का आवागमन भी प्रतिबंधित रहेगा। यात्री बसें लालघाटी से ग्वालियर/गुना/राजगढ़ की ओर जाने के लिए बैरागढ़, खजूरी बायपास, मुबारकपुर होकर गंतव्य की ओर जा सकेंगी।

# भोपाल में बाइक से गिरी महिला के सिर को बस ने कुचला

**भोपाल, यशभारत।** राजधानी भोपाल के शाहजहांनाबाद इलाके में शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हो गया। लोगों की भीड़ के धक्के से बाइक से गिरी महिला के सिर को बस ने कुचल दिया। हादसे के बाद महिला का पति शव को गोद में लेकर रोता रहा। पुलिस ने बस को जब्त कर कार्रवाई कर रही है।राजधानी भोपाल के शाहजहांनाबाद इलाके में शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हो गया। लोगों की भीड़ के धक्के से बाइक से गिरी महिला के सिर को बस ने कुचल दिया। हादसे के बाद महिला का पति शव को गोद में रखकर रोता रहा। पुलिस बस को जब्त कर कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार कमला नगर निवासी महेश खागरे प्राइवेट जॉब करते हैं। वह शुक्रवार सुबह शाजापुर में रहने वाली अपनी बहन के घर जाने के लिए पत्नी दुर्गा खागरे और बेटा-बेटी के साथ भोपाल रेलवे स्टेशन गए थे। ट्रेन छूटने के कारण महेश परिवार




के साथ बाइक से शाहजहांनाबाद होते हुए घर लौट रहे थे। ताज उल मस्जिद के पास अचानक एक ठेले में आग लग गई, लोग दौड़ते हुए बाइक से टकरा गए। इससे बाइक पर बैठी दुर्गा उलझकर सड़क पर जा गिरी। दूसरी तरफ से आ रही बस का चक्का उसके सिर पर से चला गया। इससे मौके पर ही महिला की मौत हो गई। घटना के बाद पत्नी के शव को गोद में लेकर पति रोता रहा। बच्चे भी बेसुध हो गए। इस दौरान लोग तमाशबीन बन उसका वीडियो बनाते रहे। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में भिजवाया और बस को जब्त कर कार्रवाई शुरू की।

# टीटी नगर थाने से 100 मीटर दूर निगम के अतिक्रमण रोधी अमले पर हमला

**भोपाल, यशभारत।** न्यूमार्केट में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने गए नगर निगम के अतिक्रमण अमले पर शनिवार को बदमाशों ने हमला कर दिया। मारपीट टीटी नगर थाने से महज 100 मीटर की दूरी पर हुई। आरोपी यहां से अतिक्रमण हटाने का विरोध कर रहे थे। वो चाहते थे कि निगम अमला बिना कार्रवाई किए वापस चला जाए। लेकिन जब निगम कर्मचारी नहीं माने और अवैध दुकान हटाने लगे तो वहां मौजूद अल्ताफ नाम के बदमाश ने अतिक्रमण प्रभारी कमर साकिब को थप्पड़ जड़ दिया। अल्ताफ को उलझता देखकर उसके साथी एजाज और मनोज लोधी भी आ गए। इन्होंने अतिक्रमण अधिकारी आकाश मिश्रा के साथ हाथा-पाई शुरु कर दी। हालांकि तब तक सूचना पाकर टीटी नगर थाने का पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा और मामले को शांत कराया। वहीं हमले के बाद कमर साकिब थाने गए और आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज कर धमकी देने और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज कराया। नगर निगम अमले को सूचना मिली थी



कि, न्यूमार्केट में अवैध वेंडर दुकानों के सामने खाली जगह पर कब्जा कर व्यवसाय कर रहे हैं। इससे ग्राहकों को निकलने के लिए जगह नहीं बचती है। इसके खिलाफ न्यूमार्केट के दुकानदार बीते कई दिनों से शिकायत कर रहे हैं। इसलिए शनिवार को अवैध व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए निगम अमला मौके पर पहुंचा था। यहां पिंक पार्किंग के सामने कार्रवाई चल रही थी। यहीं पर सुमन ज्वेलर्स के सामने चाय -नाश्ते की दुकान लगाने वाले अल्ताफ से कमर साकिब ने नगर निगम की अनुमति के दस्तावेज मांगे तो उसने होने से मना कर दिया। इसके बाद गाली गलौज करते हुए बोला कि वापस चले जाओ नहीं तो जान से मार देंगे। इसके बाद कार्रवाई नहीं रुकी तो अल्ताफ, एजाज और मनोज लोधी ने निगम के कर्मचारियों के साथ हाथापाई और गाली-गलौज शुरु कर दी।

### बदमाशों ने दी जान से मारने की धमकी

अतिक्रमण प्रभारी कमर साकिब ने बताया कि अतिक्रमणकारियों ने पहले कार्रवाई रोकने के लिए धमकी दी। जब कार्रवाई नहीं रुकी तो कर्मचारियों पर हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देने लगे। 17 दिन में दूसरी बार हमला बीते तीन अगस्त को भी नगर निगम की टीम न्यूमार्केट में कार्रवाई करने गई थी। तब भी आमिर और सलमान नाम के बदमाशों के साथ इनके साथियों ने कमर साकिब को घेर लिया था। लेकिन तब निगम अमले के कर्मचरियों ने उन्हें बचाया था। आक्रोशित होकर बदमाशों ने कर्मचारियों के मारपीट की थी। इसकी भी शिकायत थाने में दर्ज कराई गई थी। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।



# पहले कोटा फिर भोपाल मंडल में दौड़ेगी वंदे भारत एक्सप्रेस

### 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से होगा ट्रायल।

**भोपाल, यशभारत।** वंदे भारत एक्सप्रेस पहले कोटा रेल मंडल में दौड़ेगी। उसके बाद भोपाल रेल मंडल के यात्रियों को इसकी सुविधा मिलेगी। अगले महीने कोटा रेल मंडल में इसका ट्रायल शुरू होना है। ट्रायल के बाद इसकी नियमित सेवा शुरू होगी। यह ट्रेन 160 किलोमीटर की गति से चलेगी। ये दोनों ही रेल मंडल पश्चिम मध्य रेलवे के अंतर्गत आते हैं। भोपाल रेल मंडल को वंदे भारत एक्सप्रेस के दो रैक मिलने हैं। इसमें अभी एक वर्ष का समय लगना है, लेकिन रैक मिलने के पहले भोपाल रेल मंडल के रेलवे ट्रैक पर इन रैकों ट्रायल शुरू होना है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि ट्रैक की क्षमता को परखा जा सके। कमियां मिलने पर उन्हें समय रहते पूरा किया जा सके, ताकि जब रैक मिल जाए तो ट्रेनों को चलाया जा सके। यह ट्रायल बीना से इटारसी के बीच भोपाल के रास्ते किया जाएगा। करीब 248 किलोमीटर लंबे इस ट्रैक पर वंदे भारत के ट्रायल रैक को अधिकतम 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलाया जाएगा। यह ट्रायल अलग-अलग चरणों में होगा। जब ये ट्रेनें चलने लगेगी तो इसका फायदा रेल यात्रियों को होगा। वे और भी कम समय में एक से दूसरे स्टेशनों की दूरी तय कर सकेंगे। बता दें कि भोपाल रेल मंडल ने ट्रायल के लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। ये दोनों ही रैक रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से चलेंगे और यहीं पर आकर खत्म होंगे। इन्हें दिल्ली व खजुराहों के बीच चलाया जा सकता है। ऐनवक्त इस योजना में बदलाव भी हो सकते हैं।उल्लेखनीय है कि रेलवे बोर्ड ने जुलाई माह में वंदे भारत एक्सप्रेस के 100 रैक अलग-अलग रेल मंडल को आवंटित करने की घोषणा की थी। तभीं भोपाल रेल मंडल को भी दो रैक आवंटित किए थे। फिलहाल इनका निर्माण चेन्नई के रेल कोच कारखाना में किया जा रहा है। ये रैक आधुनिक सुविधाओं से लैस है। इन्हें 160 से लेकर 180 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलाया जा सकता है।

# महिला के सिर पर बांधा कंडोम का रेपर, पट्टी खोलते ही डॉक्टर हक्का-बक्का रह गया

**भोपाल, यशभारत।** मध्यप्रदेश में बेहाल हो रही स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं की खबरों के बीच मुरैना जिले से एक ऐसा मामला सामने आया है, जो हैरान कर देने के साथ-साथ ही घोर लापरवाही का नमूना है। दरअसल, यहां एक महिला के सिर की ड्रेसिंग करते वक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के कर्मचारी ने सिर पर कंडोम का रेपर बांध दिया। इतना ही नहीं ऊपर से पट्टी बांधकर महिला को जिला अस्पताल भी रेफर कर दिया। जब जिला अस्पताल में डॉक्टर ने महिला के सिर की पट्टी खोली तो कंडोम का रेपर देखकर वो हैरान रह गए। बता दें कि मामला मुरैना जिले के पोरसा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का है, जहां एक महिला को सिर में चोट लगने के कारण इलाज के लिए लाया गया था। दरअसल महिला के सिर पर ईंट गिर गई थी, जिसके कारण उसके सिर पर घाव हो गया था और खून बह रहा था। परिजन जब उसे पोरसा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे तो सिर पर टांके लगाने की जगह पट्टी




ही बांधकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हैरानी की बात तो ये है कि ड्रेसिंग करने वाले कर्मचारी ने रूई की जगह कंडोम का रेपर लगाकर महिला के सिर में पट्टी बांध दी थी।सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से रेफर होकर आई घायल महिला के सिर की पट्टी को जैसे ही जिला अस्पताल में डॉक्टर ने खोला तो पट्टी के नीचे घाव के ऊपर कंडोम का रेपर देख वो हैरान रह गए। जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों तक ये बात पहुंची तो हड़कंप मच गया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा, बीएमओ को नोटिस जारी कर जवाब मांगेंगे और संबंधित ड्रेसर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है, मुरैना जिले में 200 से ज्यादा प्राथमिक, उप स्वास्थ्य और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ सिविल अस्पताल हैं. लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का हाल-बेहाल है. सामान्य मामलों में भी उपचार नहीं होता और सीधे जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाता है।

### अब सुल्तानिया अस्पताल में खरीदी घोटाला

**भोपाल,यशभारत।** सरकारी अस्पतालों में होने वाली उपकरण खरीदी में कमीशनखोरी और फर्जीवाड़ा कोई नई बात नहीं है, लेकिन सुल्तानिया जनाना अस्पताल ने तो इस मामले में सबको पीछे छोड़ दिया है। यहां जिन 70 लाख रुपए के उपकरणों का भुगतान करीब 5 महीने पहले ही किया जा चुका है, वो अस्पताल में आए ही नहीं हैं।इस कारनामे की शुरुआत 27 मार्च 2021 को तब हुई जब सुल्तानिया अस्पताल की ओर से जेम पोर्टल पर वेस्ट कंटेनर, डिलीवरी बेड, पेशेंट केयर बेड, क्लीनिकल कैबिनेट, क्रैश कार्ट ट्रॉली, कार्डियक मॉनीटर, एलईडी लाइट जैसे जरूरी उपकरणों की खरीदी के लिए 95 लाख रुपए का ऑर्डर प्लेस किया था, हालांकि तब सुल्तानिया के पास बजट नहीं था। भुगतान नहीं हुआ तो सप्लायरों ने डिलीवरी भी नहीं दी। ऐसे में अधीक्षक डॉ. नंदमेहर ने 28 दिसंबर 2021 को खरीदी आदेश निरस्त करने के लिए नोटशीट लिख दी थी। हालांकि, फरवरी में जब मशीनरी खरीदी मद में बजट आया तो 27 मार्च 2021 को दिए गए खरीदी आदेशों के लिए करीब 70 लाख रुपए का भुगतान कर दिया गया, जबकि उक्त सामान की डिलीवरी हुई ही नहीं है।

# 11 जिलों में अभी भी सामान्य से कम हुई बरसात

### भोपाल और सागर संभाग में भारी वर्षा के आसार



**भोपाल यशभारत।** बंगाल की खाड़ी में बना गहरा अवदाब का क्षेत्र वर्तमान में ओडिशा और उससे लगे छत्तीसगढ़ पर बना हुआ है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक इस मौसम प्रणाली के रविवार को छत्तीसगढ़ एवं उससे लगे पूर्वी मध्य प्रदेश तक पहुंचने की संभावना है। मानसून ट्रफ के भी रविवार को कुछ नीचे की तरफ आने के आसार है। इस वजह से रविवार को रीवा, भोपाल, ग्वालियर, चंबल, सागर, नर्मदापुरम, उज्जैन संभागों के जिलों में कहीं-कहीं भारी वर्षा हो सकती है। उधर शनिवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक नरसिंहपुर में 47, गुना में 44, उमरिया में 32, ग्वालियर में 19.5, इंदौर में 18.8, रीवा में 17, मंडला में 15, रायसेन में 14, खजुराहो में 14, पचमढ़ी में 13, सागर में 10, दमोह में आठ, मलाजखंड में सात, खंडवा में छह, जबलपुर में 5.8, भोपाल में 4.2, सीधी में 3.6, रतलाम, नौगांव, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा एवं सिवनी में दो, सतना एवं धार में एक मिलीमीटर वर्षा हुई। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक अगस्त माह में बंगाल की खाड़ी में लगातार प्रभावी मौसम प्रणालियों के बनने से लगातार वर्षा हो रही है। इसके चलते इस सीजन में शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे तक मप्र में कुल 780.3 मिमी. वर्षा हो चुकी है, जो सामान्य वर्षा (675.1 मिमी.) की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक हैं। हालांकि अभी भी 10 जिलों आलीराजपुर, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, दमोह, सतना, कटनी, रीवा, सीधी, डिंडोरी, सिंगरोली में सामान्य से कम वर्षा हुई है।

### मानसून ट्रफ के सामान्य स्थिति में आने की संभावना

मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में गहरा अवदाब का क्षेत्र ओडिशा एवं उससे लगे छत्तीसगढ़ पर बना हुआ है। मानसून ट्रफ बहराईच, बनारस से गहरे अवसाद के क्षेत्र से होकर बंगाल की खाड़ी तक बना हुआ है। गहरे अवदाब के क्षेत्र में रविवार को पूर्वी मप्र के आसपास पहुंचने की संभावना है। इसके साथ ही मानसून ट्रफ के भी नीचे आने के आसार हैं। इससे रविवार को मप्र के अधिकतर जिलों में झमाझम वर्षा होने की उम्मीद है। इस दौरान कहीं-कहीं भारी वर्षा भी हो सकती है। वर्षा का सिलसिला 23 अगस्त तक बना रह सकता है।

# फिल्म अभिनेता गोविंदा की एक झलक देखने उमड़े लोग

### गोविंदा ने डायलागों पर बजी तालियां

**भोपाल, यशभारत।** राजधानी के भगत सिंह चौराहे का नजारा शनिवार को बदला सा दिखा। यहां पर आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता को देखने शाम पांच बजे से लोगों का आना शुरू हो होने लगा था। एक-एक करके लोग कुर्सियों पर बैठ रहे थे। फिल्म अभिनेता गोविंदा के आने का लोगों को पहले से पता चल गया था। इससे शहर के अलगग-अलग इलाकों से तीन हजार से अधिक लोग मटकी फोड़ प्रतियोगिता देखने आए। देर रात तक चले इस आयोजन में गोविंदाओं के बीच मटकी फोड़ने की जोर-अजमाइश चलती रही। टोलियां बार-बार घेरा बनाकर मटकी तक पहुंचने की प्रयास करते रहे, लेकिन हर बार वह असफल होते नजर आए। लोगों ने उनका उत्साह बढ़ाया। आलकी के पालकी जय कन्हैया लाल की के जयकारें गूंजे। इस अवसर पर फिल्म स्टार गोविंदा की एक झलक देखने लोगों के बीच सिर च ?कर बोला। गोविंदा को देखने के लिए दूर-दूराज के ग्रामीण अंचलों से भी लोग ब ?ी संख्या से भी आए। गोविंदा जैसे ही मंच पर पहुंचे, उनकी एक झलक पाने के लिए लोग आतुर हो उठे। उन्होंने अपने फैन्स का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। अपने आपको मुगलेआजम और हमें अनारकली सझमकर नचा रहे हैं, कितना नचाओगे रे...जैसे उनके हर एक डायलाग पर जमकर तालियां बजीं। श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी व मीडिया प्रभारी राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि पिछले 17 वर्षों से मटकी फोड़ का आयोजन हो रहा है। बीते दो सालों से कोरोना के कारण नहीं हुआ था। विजेता टीम को एक लाख रूपए का इनाम दिया गया। मटकी फोड़ प्रतियोगिता देखने इस अवसर पर मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, महापौर मालती राय अन्य गणमान्य लोग पहुंचे।



### 60 फीट ऊंची मटकी फोड़ने एक के एक ऊपर चढ़े लोग

मटकी फोड़ प्रतियोगिता जीतने के लिए टोलियां ने एक के ऊपर चढ़कर आठ से 10 पिरामिड बनाए। आठ टीमों ने बारी-बारी से मटकी फोड़ने का प्रयास करते रहे। इस बीच टीमों के लोग कई बार-बार गिरते हुए दिखे। मटकी के नीचे जमीन पर कीचड़ व रेत डाली गई थी,िजिससे लोगों को चोट न आए।

### अटल पथ पर आज मटकी फोड़ प्रतियोगिता

जवाहर चौक अटल पथ पर रविवार को मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। धर्म संस्कृति समिति की ओर से आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता प्रदेश की सबसे बड़ी प्रतियोगिता बताई जा रही है। इसमें 100 फीट ऊंची मटकी बांधी जाएगी। शाम सात बजे से आयोजन होगा। समिति के अध्यक्ष व पूर्व विधायक सुरेंद्र नाथ सिंह ने बताया विजेता टीम को पांच लाख का पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम में हर-हर शंभु की गायिका अभिल्पिसा पांडा भजनों की प्रस्तुति देंगी।

### इन शहरों से आई टोलियां

मटकी फोड़ प्रतियोगिता में विदिशा, शमशाबाद, नर्मदापुरम, इटारसी, रायसेन, सीहोर, छिंदवाड़ा, भोपाल जिले की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

# बी एल ए पावर प्लांट में काम कर रहे मजदूर की मौत



## मृतक के परिजनों ने किया हंगामा, चिकित्सालय के सामने किया चक्काजाम



विधायक संजय शर्मा ने दिलाई 5 लाख की आर्थिक सहायता

**गाडरवारा, यशभारत।** बीते शुक्रवार को बी एल ए पावर प्लांट निवारी से कुछ दूरी पर नर्मदा नदी से बी एल ए पावर प्लांट को पानी सप्लाई करने वाली पाइप लाइन फट जाने पर मरम्मत के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई तथा एक मजदूर घायल हो गया इस घटना से आक्रोशित परिजनों एवं ग्रामीणों ने शव परीक्षण कराने से इनकार करते हुए बी एल ए मैनेजमेंट पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए चिकित्सालय के सामने हंगामा करते हुए चक्का जाम किया । बताया जाता है कि बीते शुक्रवार को करीब 2बजे ग्राम पौड़ी निवासी 45 वर्षीय दीनदयाल कीर पिता पुरुषोत्तम कीर बी एल ए पावर प्लांट की पाइप लाइन फट जाने से हुए गड्ढे में पाइप लाइन ठीक करने उतरा था किंतु दुर्भाग्य से गड्ढे के आजू बाजू की मिट्टी दशक जाने से वह गड्ढे के अंदर दब गया जिससे उसकी मृत्यु हो गई इसी घटना में एक अन्य मजदूर चंदन की घायल हो गया था शनिवार को शव परीक्षण के लिए जब गाडरवारा चिकित्सालय लाया गया परिजनों एवं ग्रामीणों ने शव परीक्षण एवं शव लेने इंकार करते हुए हंगामा करते हुए बी एल ए पावर प्लांट पर कार्रवाई एवं मुआवजे की मांग की गई। मौके पर तेंदूखेड़ा विधायक संजय शर्मा पहुंचे और उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए बी एल ए पावर प्लांट के अधिकारियों से बातचीत करते हुए पीड़ित परिवार को 5 लाख मुआवजा राशि दिलाने एवं अधिकारियों को निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए । तत्काल 50 हजार रुपए की नकद सहायता मिलने एवं शेष राशि शीघ्र दिए जाने के आश्वासन के बाद मृतक के परिजन एवं ग्रामीण जनों ने विधायक की बात को मानते हुए हंगामा समाप्त किया द्य हंगामे के दौरान तहसीलदार राजेश मरावी नगर निरीक्षक राजपाल बघेल सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद था।

# भारत रत्न व देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती मनाई



**पनागर, यशभारत।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री, कमलनाथ जीके निर्देश पर पनागर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आज भारत रत्न से सम्मानित और देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की 78 बी जयंती कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई कार्यक्रम के अतिथि विनोद श्रीवास्तव महामंत्री मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी व संजय श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष सेवादल थे अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विमल जैन ने की कार्यक्रम के प्रारंभ में राजीव जी के चित्र पर उपस्थित लोगों ने माल्यार्पण एवं तिलक वंदन किया इस अवसर पर अपने उद्बोधन में अतिथि गणों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए श्री गांधी जी को देश का संचार क्रांति का जनक थे एवं मोबाइल युग की शुरुआत भी भारत में हुई साथ में यह भी बताया कि आपने भारत की विश्व में एक अलग साथ बनाई थी पूरा विश्व भारत का लोहा मानता था पंचायती राज की जबरदस्त स्थापना की केंद्र की योजनाओं का लाभ सीधे आम जनता को पंचायती राज के तहत मिलने लगा एक के अनेक जनता से जुड़े कार्यों को आप के कार्यकाल में हुआ जो आज भी आम जनता को लाभ प्रदान कर रहे हैं कार्यक्रम में राजेश ठाकुर कार्यकारी अध्यक्ष गोकुल पटेल पूर्व सरपंच वीरेंद्र बैरागी बहादुर राय अनवर खान श्री राम पटेल जितेंद्र कोरी पार्षद मुकेश गोटिया संकल्प पटेल सुशील कुशवाहा दीपू प्यासी पवन कुशवाहा जगदीश सोनी गुड्डू यादव वीरेंद्र कुशवाहा विरल ठाकुर सिद्धिक अली सहित अनेक कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री पूर्व पार्षद जगन्नाथ शर्मा ने किया अंत में आभार विश्वास पांडे के द्वारा किया गया।

# सफाई मित्रों की कार्य क्षमताओं में वृद्धि करने प्रशिक्षण कार्यशाला

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित



**जबलपुर, यशभारत।** नगर निगम द्वारा शनिवार को सफाई मित्रों की कार्य क्षमताओं में वृद्धि हेतू एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मानस भवन सभागार में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में जोन संख्या 5, 12 और 13 के लगभग 200 कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण में सफाई मित्रों को कार्य के समय स्वयं की सुरक्षा हेतू मास्क, जूते, गलब्स, हैलमेट व फलोरोसेंट जैके के उपयोग पर जानकारी दी गई। अमूमन सफाई मित्रों द्वारा इन सुरक्षा उपकरणों को उपयोग करने में लापरवाही की जाती है। इसके साथ ही साथ इस कार्यशाला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिला व पुरूष सफाई मित्रों को सम्मानित करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी भूपेन्द्र सिंह व सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल जैन ने प्रशस्ति पत्र जारी किए। इस कार्याशाला के मुख्य बिन्दुओं में सफाई मित्रों का रहवासियों के साथ धनात्मक व्यवहार, आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता के अधार पर समाधान, कार्य के लिए निर्धारित समय पर आना, समय पर वेतन का भुगतान होना आदि मुद्दों पर भी चर्चा की गई। इस कार्याशाला को ह्यूमन मैट्रिक्स के विशेषज्ञों के द्वारा संचालित किया गया। कार्यशाला के उपरांत सभी प्रतिभागियों के द्वारा स्वच्छता की शपथ भी ली गई। स्वास्थ्य अधिकारी भूपेंद्र सिंह के द्वारा बताया गया कि इस कार्यशाला को शहर के सभी जोनों के सफाई मित्रों के लिए आगामी सप्ताह में आयोजित किया जाएगा।

# आजाद वार्ड में निरंतर जारी है सफाई अभियान



**गाडरवारा, यशभारत।** नगर पालिका परिषद गाडरवारा के अंतर्गत आने बाले आजाद वार्ड में नवनिर्वाचित भाजपा पार्षद राजकुमारी सतीश कौरव, संभाग सचिव आर्यन दुबे, प्रदीप सोनी एवं वार्ड वासियो के संग सफाई अभियान निरंतर सिलसिला जारी है। नगर पालिका स्वच्छता दल द्वारा एक सप्ताह से अधिक समय से साफ–सफाई की जा रही है, उसके सार्थक परिणाम सामने आने लगे है। आ ?ाद वार्ड में जहां साफ–सफाई देखी जा रही है। वही रहवासी भी स्वच्छता को लेकर जागरूक होने लगे है। वार्ड स्तर पर जारी सफाई अभियान के अंतर्गत शनिवार को प्रतिभा कॉलोनी के नाले–नालियों की साफ–सफाई कर दवाई का छिड़काव किया गया।



# प्रदेश कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

## भाजयुमो जिला अध्यक्ष प्रियांक हुए शामिल

**गाड़रवारा, यशभारत।** विगत दिवस भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक प्रदेश कार्यालय भोपाल में आयोजित हुई जिसमे प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान,प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा,प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री, मप्र भाजयुमो के प्रदेश प्रभारी रोहित चहल, मप्र भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार का मार्गदर्शन प्रदेश भर से शामिल हुए कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ,इस बैठक में पूर्व में हुए अभियानों की समीक्षा की गई और आने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई,शीर्ष नेतृत्व द्वारा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को गंभीरता के साथ कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए गए,बैठक में हरा भरा मध्यप्रदेश अभियान पर भी चर्चा हुई जिसमे कि एक एक युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। जिसमे वृहद रूप में पौधारोपण किया जाएगा इस बैठक में नरसिंहपुर भाजयुमो के जिला अध्यक्ष प्रियांक जैन शामिल हुए उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी प्रखर दुबे ने दी।

# यशोदानन्दन का जन्मोत्सव मनाया





**गोटेगांव, यशभारत।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटेगांव में देवकीनंदन श्री कृष्ण भगवान का जन्म महोत्सव आस्था एवं उत्साह पूर्वक मनाया भगवान के बाल स्वरूप रूट को वासुदेव भगवान ऊपर यमुना पार करने का दृश्य प्रदर्शित करते हुए नाच गाने के साथ समिति के अध्यक्ष हाकम सिंह चढ़ार व्यवस्थापक राजकुमार जैन सह व्यवस्थापक देवदत्त पचौरी अशोक पटेल के आतिथ्यमें कार्यक्रम प्रारंभ हुआ भगवान कृष्ण को झूला में झूला कर का प्रदर्शन किया सैकड़ों भैया बहन भगवान कृष्ण राधा के रूप में प्रस्तुत हुए सभी ने वाह–वाह के जय हो नंदलाल के नारे लगाए बाल गोपाल ओ द्वारा उत्साह के साथ मटकी फोड़ी गई सांस्कृतिक कार्यक्रम में बहनों ने भगवान कृष्ण के रूप में लिस्ट प्रस्तुत किया ललिता सिलावट पूर्वी पटेल ने कान्हा बंसी बजाए राधा दौड़ी चली आए इसका विश्वकर्मा ने मैया यशोदा ये तेरा कन्हैया छोटी छोटी गईया छोटे छोटे ग्वाल कृष्णा अवस्थी ने प्रस्तुत की कार्यक्रम में प्राचार्य कमलेश तिवारी ने इस आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा की उन्होंने इस छोटे से कार्यक्रम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का रूप दिया कार्यक्रम में सैकड़ों अभिभावक अपने भैया बहनों का उत्साहवर्धन कर रहे थे प्रधानाचार्य नर्मदा गुप्ता किशोर शुक्ला संजय सरदार पटेल सविता राजपूत तुलसा नामदेव मनीषा दीपिका पटेल मीणा उषा कल्पना करण माया चौरसिया कार्यक्रम का संचालन माया चौरसिया राम सिया मिश्रा ने किया।

# गूगल की दुनियां में गोल गोल घूम रहा आज का इंसान : मुनि श्री प्रणम्य सागर



**पनागर, यशभारत।** आज के बच्चोँ ने अपने दिमाग की खिड़कियों को बंद कर रखा है,अपनी स्व अनुभुति को भूलकर बस बाह्य में रम रहे हैं ।बुद्धि की विशालता ज्ञान के विकास से ही सम्भव है ।आचार्यों के द्वारा लिखे गए लिखे गए ग्रंथों में तीन लोक संबंधी ऐसी जानकारियां दी गई हैं जो इंटरनेट पर भी नहीं मिल सकती हैं ।सम्पूर्ण लोक में प्रत्येक तरह के जीवों का किस तरह जीवन यापन होता है,पिछले जन्म में वे कहाँ थे आने वाली पर्याय उनकी कौनसी होगी आदि आदि अनेकों ऐसी बातें हैं जो आपको स्वाध्याय से सहज उपलब्ध हो जाती हैं ।आत्मा की शक्ति अनंत होती है किंतु आज के बच्चे गूगल की दुनियां में गोल गोल घूमते रहते हैं और हर तरह से उसी में लीन रहते हैं ।हर समय इंटरनेट व्हाट्सएप आदि साधनों का दिन भर प्रयोग करने से आंखों के साथ साथ अनेक बीमारियों का सामना करना प ? सकता है ।उक्ताशय के उद्गार अर्हम योग प्रणेता मुनिश्री प्रणम्य सागरजी महाराज ने व्यक्त किये। पनागर में चातुर्मास हेतु विराजित संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य अर्हम योग प्रणेता मुनिश्री प्रणम्य सागर जी और मुनिश्री चंद्रसागर जी महाराज के सानिध्य में प्रतिदिन अनेक धार्मिक आयोजन चल रहे हैं जिनके अंतर्गत प्रात: 8.30 पर प्रवचन के उपरांत 9.30 बजे से अर्हम ध्यान का अभ्यास मुनिश्रेष्ठ द्वारा कराया जा रहा है। सांध्य 6 बजे अन्तरगूँज कार्यक्रम में मुनिश्री द्वारा रचित भजनों के गान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हो रहे हैं। समस्त आयोजनों में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील प्रबंधकारिणी सभा के पदाधिकारियों ने की है।

# छुई खदान में स्वास्थ्य शिविर में 65 बच्चों का परीक्षण



**जबलपुर, यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं पदमा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर स्वास्थ्य यात्राज्अंतर्गत आगामी शनिवार को छुई खदान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में 65 बच्चों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां दी गई एवं छुई खदान के आसपास 110 रहवासियों का भी निशुल्क परीक्षण कर दवाइयां वितरण की गई स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह संयोजक डॉअश्विनी कुमार त्रिवेदी , जिला संयोजक डॉ विवेक जैन सहसंयोजक डॉ शुभम अवस्थी डॉक्टर अनुश्री जामदार डॉक्टर प्रियंक दुबे पदमा फाउंडेशन के छवि ठाकुर एवं अन्य सदस्य एवं चिकित्सक उपस्थित थे।

## यूरो किड्स इंटरनैशनल स्कूल श्री कृष्ण जन्माष्टमी

# रंग बिरंगी ड्रेस में बाल लीलाओं का मंचन





**जबलपुर, यशभारत।** यूरो किड्स इंटरनैशनल स्कूल, तिलहरी में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। स्कूल के बच्चों एवं माताओं (यशोदा मइया) ने रंग बिरंगी ड्रेस में सजकर श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का मंचन किया। बच्चों ने सभी को मन मोह लिया द्ध कार्यक्रम में बाल गोपाल को मक्खन मिसरी का भोग लगाया किया। अध्यापिकाओं ने सुंदर झांकियां सजाईं । अध्यापिकाओं द्वारा बच्चों को इस पर्व के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। बच्चों को मुरली, मोरपंख, माखन, मिश्री के शब्दों से परिचित कराया गया तथा कृष्ण के विभिन्न नाम कृष्णा, गोपाल, लल्लाजी, मुरलीधर, मधुसूदन, माधव, कान्हा, मोहन के बारे में बताया गया। स्कूल की संचालिका श्रीमती स्वाति अग्रवाल ने बताया कि कैसे भगवान श्री कृष्ण ने बल और बुद्धि से बुराई पर विजय प्राप्त की। श्री कृष्ण जी के जीवन से सदा कुछ सीखते रहना चाहिये। हमें प्रण लेना चाहिए कि बिना किसी फल की चिन्ता किये इमानदारी के साथ अपना काम करना चाहिये तभी हम जीवन में सफल रहेंगें।

# संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव जारी

जबलपुर, यशभारत। नगर निगम जबलपुर द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार शहर में कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव कराया गया ।इस संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया नियंत्रण हेतु 21 टीमों का संचालित कर पूरे नगर निगम सीमा के विभिन्न भागों में कीटनाशक दवा का छि?काव एवं मलेरिया रोधक दवा का छिड़काव कराएंगे। जिसमें चौधरी मोहल्ला, गौतम मढ़िया, ज्योति नगर बस्ती, रामलीला मैदान, स्टेट बैंक कॉलोनी, पुलिस लाइन, चिकनी कुआं, गढ़ा मैदान, कोल मोहल्ला, बेन मोहल्ला, आदर्श नगर, टपरिया बस्ती, कुम्हार मोहल्ला, कछियाना, श्याम बैंड वाली गली, संचार नगर, साई कॉलोनी, त्रिमूर्ति नगर, नेता कॉलोनी, गणेश चौक, संगम कॉलोनी, संजय नगर, चांदनी चौक लाल स्कूल, बड़ी मदार टेकरी, छोटा मैदान, सिंधी कैंप, सोनकर मोहल्ला खेरमाई मंदिर, पंचशील बस्ती, चांदमारी तलैया, गांधी चौक, विश्वकर्मा मोहल्ला, चंद्र मोहन नगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, झंडा चौक, सिंधी मोहल्ला ओड़िया मोहल्ला मोहम्मदी का एक नया मोहल्ला, साहू मोहल्ला, श्रीनाथ की तलैया, सरस्वती कॉलोनी, पारस कॉलोनी, अमखेरा, आस्था परिसर, केशर बिहार, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, आशियाना नगर सैफ नगर, गणेश मंदिर, अवनी विहार कॉलोनी, परशुराम चौक, आलोक नगर, जयप्रकाश नगर पटेल मोहल्ला, पिपरिया, ईसाई मोहल्ला, बंशकार मोहल्ला, चौधरी नगर, प्रेम नगर, एवं अन्य शासकीय कार्यालय एवं स्कूलों का संपूर्ण परिसर तथा शासकीय कार्यालयों आदि संवेदनशील क्षेत्रों में दवा का छिड़काव किया गया तथा क्षेत्रीय नागरिकों से पंचनामा प्राप्त किया गया।



# दूसरे मुकाबले में जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हराया, संजू सैमसन और शार्दूल रहे जीत के हीरो

# टीम इंडिया ने लगातार चौथी वनडे सीरीज जीती

हरारे,एजेंसी। टीम इंडिया ने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में 5 विकेट से जीत हासिल की। इसी के साथ भारतीय टीम ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने जिम्बाब्वे को 38.1 ओवर में सिर्फ 161 रन के स्कोर पर ऑलआउट कर दिया था। शार्दूल ठाकुर ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए थे। इसके बाद संजू सैमसन के (43) रन के दम पर भारत को जीत मिली। वहीं, धवन और शुभमन गिल दोनों के बल्ले से 33-33 रन निकले। जिम्बाब्वे के लिए सबसे ज्यादा 2 विकेट ल्यूक जॉन्गवे ने लिए।भारतीय टीम ने वनडे में लगातार चौथी सीरीज जीती है। इससे पहले उन्होंने 2 बार वेस्टइंडीज और एक बार इंग्लैंड को इसी साल हराया है।

## ऐसे आउट हुए भारत के बल्लेबाज

जिम्बाब्वे ने दीपक हुड्डा को आउट कर भारत को पांचवां झटका दिया। उन्हें सिंकदर रजा ने बोल्ड किया।ओपनर शुभमन गिल चौथे विकेट के रूप में आउट हुए। गिल ने 34 गेंदों पर 33 रन बनाए। उनका विकेट ल्यूक जॉन्गवे ने लिया।ईशान किशन तीसरे विकेट के रूप में आउट हुए। उन्होंने 13 गेंद पर 6 रन बनाए। उनका विकेट भी जॉन्गवे ने लिया।धवन ने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 21 गेंद में 33 रन बना दिए थे, लेकिन वो तनाका चिवंगा की शॉट गेंद को समझ नहीं पाए और इनोसेंट काइया को कैच दे बैठे। सीरीज में पहली बार बल्लेबाजी कर रहे कप्तान केएल राहुल का बल्ला नहीं चला। उन्होंने 5 गेंद का सामना किया और सिर्फ 1 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें विक्टर न्याउची ने आउट किया।

## ऐसे गिरे जिम्बाब्वे के सभी विकेट

भारतीय गेंदबाजों के सामने जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों को पहले ही ओवर से रन बनाने में परेशानी हो रही है।भारतीय गेंदबाजों के सामने जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों को पहले ही ओवर से रन बनाने में परेशानी हो रही है। भारत के लिए पहला विकेट तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने लिया। उन्होंने ताकुडवनाशे काइटानो को 7 रन बनाने के बाद पवेलियन भेजा। संजू सैमसन ने काइटानो का शानदार कैच विकेट के पीछे लपका। जिम्बाब्वे को दूसरा और तीसरा झटका दीपक चाहर की जगह मैच में खेल रहे शार्दूल ठाकुर ने एक ही ओवर में दिया। उन्होंने पहले 16 रन बनाकर खेल रहे सलामी बल्लेबाज इनोसेंट काइया को आउट किया, फिर कप्तान रेजिस चकाब्वा को सिर्फ 2 रन पर ही शुभमन गिल के हाथों कैच करवा कर पवेलियन भेज दिया।चौथा विकेट प्रसिद्ध कृष्णा ने लिया। उन्होंने वेस्ले मधेवीरे को 2 रन पर आउट कर दिया। मधेवीरे का कैच भी विकेट के पीछे संजू सैमसन ने लपका।कुलदीप यादव ने जिम्बाब्वे का पांचवां विकेट लिया। उन्होंने पूरी तरह से सेट हो चुके सिकंदर रजा को 16 रन पर आउट किया। कुलदीप का इस सीरीज में यह पहला विकेट था।42 रन बनाकर खेल रहे शॉन विलियम्स का विकेट दीपक हुड्डा ने लिया। विलियम्स हुड्डा की गेंद पर स्वीप शॉट मारा। उन्हें लगा गेंद बांउड्री के बाहर जाएगी, लेकिन धवन ने उनका कैच लपक लिया।जिम्बाब्वे को 7वां झटका शार्दूल ठाकुर ने दिया। उन्होंने ल्यूक जॉन्गवे को अपना शिकार बनाया। ये इस मैच में उनका तीसरा विकेट है। अक्षर पटेल ने जिम्बाब्वे को आठवां झटका दिया। ब्रैड एवंस पटेल की गेंद को समझ ही नहीं पाए और बोल्ड हो गए। अक्षर का ये इस मैच में पहला विकेट है।विक्टर न्याउची को केएल राहुल और संजू सैमसन ने सूझबूझ से रन आउट किया। राहुल के शानदार थ्रो को सैमसन ने तुरंत पकड़ कर बड़ी तेजी से स्टंप आउट कर दिया। जिम्बाब्वे का आखिरी विकेट भी रन आउट से गिरा।

## पाकिस्तान से 28 अगस्त को महा मुकाबला



# एशिया कप के लिए भारतीय प्लेइंग इलेवन की तस्वीर साफ

### 10 खिलाड़ी तय, ऋषभ पंत और दिनेश कार्तिक में किसी एक को ही मौका

**मुंबई, एजेंसी।** जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे वनडे मुकाबले में भारतीय टीम ने एक बड़ा बदलाव किया। पहले मैच में 192 रनों की साझेदारी कर टीम इंडिया को जीत दिलाने वाले शिखर धवन और शुभमन गिल की जोड़ी तोड़ दी गई और शुभमन की जगह कप्तान केएल राहुल धवन के जोड़ीदार बनकर आए। इसी के साथ एशिया कप में भारत की प्लेइंग इलेवन की तस्वीर साफ हो गई। राहुल 27 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप में टीम इंडिया का हिस्सा हैं और अब ये तय हो गया है कि वही, रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग भी करेंगे। राहुल के सलामी बल्लेबाजी करने से टीम इंडिया के 24 साल के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और 37 साल के अनुभवी दिनेश कार्तिक में से कोई एक ही प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होगा। ऐसा हम क्यों कह रहे हैं और पाकिस्तान के खिलाफ भारत की प्लेइंग इलेवन क्या हो सकती है आइए आपको बताते हैं...

### टॉप-4 पहले से पक्के

भारत एशिया कप में पहला मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ 28 अगस्त को खेलेगा। टीम इंडिया के टॉप-4 पहले से ही तय माने जा रहे हैं। अगर किसी खिलाड़ी को चोट लगती है, तभी इसमें कोई बदलाव होगा। सलामी बल्लेबाज के रूप में केएल राहुल और रोहित शर्मा होंगे। वहीं, नंबर-3 पर विराट कोहली और नंबर-4 पर सूर्यकुमार यादव का खेलना तय है। हार्दिक पंड्या की धमाकेदार फॉर्म को देखते हुए उनको प्लेइंग इलेवन से बाहर करने का सवाल ही पैदा नहीं होता। ऐसे में असली जंग पंत और दिनेश कार्तिक के बीच में है।

### टीम मैनेजमेंट की बढ़ने वाली है सिरदर्द

दिनेश कार्तिक ढ्ढक्क 2022 से ही कमाल की बल्लेबाजी कर रहे हैं। आखिरी ओवर में तेजी से रन बनाने में ये खिलाड़ी माहिर हो गया है। वहीं, अगर पंत की बात करें तो उनके अंदर ये माद्दा है कि वो अकेले अपने दम पर किसी भी मैच का पासा पलट सकते हैं। ऐसे में कोच द्रविड़ और कप्तान रोहित की चिंता बढ़ने वाली है कि वो प्लेइंग इलेवन में किसे मौका देंगे।

### दोनों के रिकॉर्ड क्या कहते हैं?

ऋषभ पंत ने अब तक 54 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं और उनके बल्ले से 883 रन निकले हैं। उनका औसत 23.86 का है। इस साल पंत ने 13 मैच खेले हैं और 260 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 135.41 का रहा है। वहीं, दिनेश कार्तिक की बात करें तो उन्होंने 47 टी-20 इंटरनेशनल मैच में 28.14 की औसत से 591 रन बनाए हैं। वहीं, इस साल कार्तिक को 15 टी-20 मुकाबलों में भारत के लिए खेलने का मौका मिला है और उन्होंने 21.33 के औसत से 192 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 133.33 का रहा है।

### क्या हो सकती है पॉसिबिलिटी

दोनों खिलाड़ियों को साथ में तभी टीम में मौका मिल सकता है जब भारतीय टीम में 4 स्पेशलिस्ट गेंदबाज और हार्दिक पंड्या के साथ मैच में उतरे, लेकिन ऐसा होने से टीम की गेंदबाजी कमजोर हो जाएगी। एशिया कप की प्लेइंग इलेवन में 5 स्पेशलिस्ट गेंदबाज और हार्दिक नजर आएंगे ये तय माना जा रहा है।

### दोनों में पलड़ा किसका भारी है?

दिनेश कार्तिक और ऋषभ पंत में तुलना की जाए तो पंत का पलड़ा भारी है। वो भारत के लिए तीनों फॉर्मेट में खेलते हैं और शानदार फॉर्म में भी हैं। इसके साथ ही टॉप-5 में वो एकमात्र बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। अगर नंबर- 5 पर पंत बल्लेबाजी करते हैं तो हार्दिक नंबर 6 और जडेजा नंबर 7 पर खेलते नजर आएंगे। वहीं, अश्विवन के रूप में नंबर आठ पर भी भारत को एक बल्लेबाजी विकल्प मिल जाएगा। ऐसे में पंत ही टीम का हिस्सा हो सकते हैं।

### पाकिस्तान के खिलाफ भारत की संभावित प्लेइंग इलेवन

केएल राहुल, रोहित शर्मा, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, हार्दिक पंडया, रवींद्र जडेजा, भुवनेश्वर कुमार, आर. अश्विन, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह।

# करण ने किया अपने बच्चों के फेवरेट एक्टर का खुलासा

### बोले- आलिया दीदी उनकी फेवरेट है और वो यश को राखी भी बांधती हैं



**मुंबई, एजेंसी।** फिल्ममेकर करण जौहर ने हाल ही में एक खुलासा किया कि उनके बच्चे यश और रूही ने कॉफी विद करण का एक सिंगल एपिसोड नहीं देखा है। एक इंटरव्यू में करण ने बताया कि जो शो पर सेलेब्स आते हैं, उनके बच्चे किसी को नहीं जानते हैं, इसलिए वो यह चैट शो नहीं देखते हैं। करण ने कहा कि यश की फेवरेट एक्टर आलिया भट्ट हैं और वो यश को राखी भी बांधती हैं।करण के ट्विंस नहीं देखते फिल्ममेकर का चैट शो इंडिया टुडे से बातचीत के दौरान करण ने कहा, वो दोनों किसी और कारण की वजह से नहीं, बल्कि इसलिए शो नहीं देखते हैं, क्योंकि वो शो पर आने वाले लोगों को नहीं जानते हैं। उन्हें समझ नहीं आता कि ये लोग क्या बोल रहे हैं। यहां तक कि जब मेरी मां रणवीर और आलिया वाला शो का पहला एपिसोड देख रही थीं, तो उन्होंने कहा कि च्तुम लोग सिर्फ बात क्यों कर रहे हो? कुछ खेल क्यों नहीं रहे हो? इसलिए फिलहाल वो लोग ये शो नहीं देखते हैं। मुझे लगता है कि जब वो थोड़े बड़े हो जाएंगे, तो हो सकता है कि वो ये शो देखेंगे।

### आलिया हैं यश की फेवरेट एक्टर

करण ने आगे बताया कि आलिया यश की फेवरेट एक्टर हैं। उन्होंने कहा, च्हर कोई उनके लिए चाची या दीदी होती है। सारे यंग एक्टर्स को यश और रूही चाचू कहकर बुलाते हैं। जितने भी एक्टर्स के साथ मैं काम करता हूं, वो अक्सर घर पर आते रहते हैं और बच्चे उन्हें देखकर बहुत खुश होते हैं। इसलिए उनका कोई फेवरेट नहीं है, लेकिन वो सब एक्टर्स को जानते हैं। मुझे लगता है कि उनकी फेवरेट आलिया दीदी है, क्योंकि वो यश को राखी भी बांधती है। इसलिए उन्हें पता है कि आलिया के साथ स्पेशल रिश्ता है।

### करण ने 2017 में सरोगेसी से बने थे सिंगल पेरेंट

करण 2017 में सरोगेसी के जरिए ट्विंस के सिंगल फादर बने थे। करण ने अपने चैट शो की शुरुआत साल 2004 में की थी और इन दिनों फिल्ममेकर कॉफी विद करण का सातवां सीजन होस्ट कर रहे हैं। अब तक उनके शो पर आलिया भट्ट, रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, सामंथा रुथ प्रभु, करीना कपूर, आमिर खान, विजय देवरकोंडा, अनन्या पांडे, विक्की कौशल और सिद्धार्थ मल्होत्रा नजर आ चुके हैं

### करण की अपकमिंग फिल्म

करण के चैट शो के अलावा वो च्रॉकी और रानी की प्रेम कहानीं से बतौर डायरेक्टर कमबैक कर रहे हैं। इस फिल्म में आलिया, रणवीर, धर्मेंद्र, शबाना आजमी और जया बच्चन लीड रोल में हैं।



# Vinod Kambli की माली हालत खराब

**बोले- 'Sachin Tendulkar को सब पता है, लेकिन मुझे कोई उम्मीद नहीं**

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली ने कहा है कि उन्हें क्रिकेट से संबंधित असाइनमेंट की तलाश है, क्योंकि अभी उनकी आय का एकमात्र स्रोत भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से मिलने वाली 30,000 रुपए की पेंशन है। विनोद कांबली ने मिड-डे से इंटरव्यू में कहा, सचिन तेंडुलकर को सब पता है, लेकिन उन्हें कोई उम्मीद नहीं है। 50 वर्षीय कांबली ने आखिरी बार 2019 में टी-20 मुंबई लीग के दौरान एक टीम को कोचिंग दी थी, लेकिन कोरोना के कारण वह टूर्नामेंट बंद गया और कांबली की कमाई घट गई। अभी उन्हें काम की सख्त जरूरत है। बकौल कांबली, नेरुल में सचिन तेंडुलकर की मिडलसेक्स ग्लोबल एकेडमी है जहां वे युवा क्रिकेटरों को सलाह देते थे। हालांकि, सेवानिवृत्त क्रिकेटर के लिए अपन घर से नेरुल जाना बहुत मुश्किल हो रहा था। कांबली ने बताया, च्मैं सुबह 5 बजे उठता था, डीवाई पाटिल स्टेडियम के लिए कैब लेता था और शाम को बीकेसी मैदान में कोचिंग करता था। यह पूरा शेड्यूल मेरे लिए बहुत मुश्किल था। मैं एमसीए (मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन) से मदद मांग रहा था। मेरा एक परिवार है जिसकी देखभाल मुझे करना है।मैंने एमसीए से कई बार कहा कि अगर आपको मेरी जरूरत है, तो मैं तैयार हूं चाहे वानखेड़े स्टेडियम हो या बीकेसी में। मुंबई क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है। मैं इस खेल के लिए अपना जीवन दे सकता हूं। रिटायरमेंट के बाद अगर आप जीवन में स्थिर रहना चाहते हैं, तो असाइनमेंट होना जरूरी है। मैं एमसीए से इसकी तलाश कर रहा हूं।

## भारतीय नौसेना ने दिया आर माधवन को आईएनएस विक्रांत पर घूमने का न्योता, सम्मान के लिए जताया आभार



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड और साउथ दोनों इंडस्ट्रीज में अपना जादू चलाने वाले अभिनेता आर माधवन पिछले दिनों रिलीज हुई अपनी फिल्म च्रॉकेट्रीज् द नांबी इफेक्टज् को लेकर चर्चा में थे। च्रॉकेट्रीज् में अपने काम को लेकर वाहवाही बटोर चुके आर माधवन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म च्धोखा राउंड डी कॉर्नरज् को लेकर लाइमलाइट में बने हुए हैं। इसके टीजर को लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है, जिसके बाद उम्मीद की जा रही है कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। अब माधवन एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं, लेकिन इस बार वजह कुछ और है। दरअसल, अभिनेता ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर भारतीय नौसेना का शुक्रिया अदा किया है। हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता आर माधवन ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक ट्वीट कर भारतीय नौसेना को उन्हें आईएनएस विक्रांत पर आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद कहा। माधवन ने ट्वीट कर लिखा, च्इस विशेष सम्मान के लिए मेरा अत्यंत आभार और धन्यवाद। आईएनएस विक्रांत पर भारतीय नौसेना द्वारा आमंत्रित किए जाने के लिए मैं अपने आप को सौभाग्यवान मानता हूं। इसके साथ ही आईएसी विक्रांत के लोगों और अधिकारियों के साथ बातचीत करके बहुत अच्छा लगा। पहली स्वदेश में निर्मित विमानवाहक पोत, आत्मनिर्भर भारत। साझा किए गए ट्वीट के साथ आर. माधवन ने कुछ तस्वीरें भी साझा की हैं। इन तस्वीरों में अभिनेता आईएनएस विक्रांत पर नौसेना अधिकारियों और फाइटर प्लेन पायलट्स के साथ बातचीत करते दिखाई दे रहे हैं। कुछ तस्वीरों में माधवन को आईएनएस विक्रांत पर घूमते हुए और उसकी चीजें समझते हुए भी देखा जा सकता है। इन तस्वीरों में आर माधवन के चेहरे पर देश के लिए सम्मान और भारतीय होने का गौरव साफ नजर आ रहा है। उनके ट्वीट और तस्वीरों को देख अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां पहुंचकर अभिनेता कितने खुश हैं। ब्लैक पैंट, ग्रे कोट और गॉगल्स पहने माधवन बहुत हैंडसम भी लग रहे हैं। आर माधवन के वर्कफ्रंट की बात करें तो च्रॉकेट्रीज् द नांबी इफेक्टज् के बाद वह अगली फिल्म च्धोखा राउंड डी कॉर्नरज् में काम करते नजर आएंगे। कूकी गुलाटी के निर्देशन में बनी इस फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है। माधवन के अलावा इस फिल्म में दर्शन कुमार, अपारशक्ति खुराना और खुशाली कुमार नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 23 सितंबर को रिलीज होगी।

# रणवीर-दीपिका ने नए घर में किया प्रवेश

### अलीबाग स्थित प्रॉपर्टी में की पूजा, 23 करोड़ में खरीदी थी 9,000 स्क्वायर मीटर जमीन

मुंबई, एजेंसी। रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण अपने अलीबाग स्थित नए घर में गृह प्रवेश की पूजा की। कपल ने अपने नए घर की पूजा की और इसकी फोटोज भी सोशल मीडिया पर शेयर की। उनका यह घर मुंबई से करीब 90 किमी दूर समुद्र तट से लगा हुआ है। इस प्रॉपर्टी को रणवीर-दीपिका ने पिछले साल यानी 2021 खरीदा था।

### 22 करोड़ है प्रॉपर्टी की कीमत

खबरों की मानें तो, रणवीर-दीपिका ने इस प्रॉपर्टी के लिए 22 करोड़ रुपए चुकाए थे। इसके अलावा दोनों ने प्रॉपर्टी की स्टांप ड्यूटी के तौर पर 1.32 करोड़ रुपए दिए थे। यह प्रॉपर्टी अलीबाग के समीप मपगांव में है जो कि 9,000 स्क्वायर मीटर में फैली है। दीपिका और रणबीर ने इस प्रॉपर्टी को अपनी फर्म आरएस वर्ल्डवाइड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड और केए एंटरप्राइज एलएलपी के अंतर्गत खरीदा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इससे पहले इसी जुलाई 2021 में दीपिका ने बेंगलुरु में एक एक्सपेंसिव सर्विस अपार्टमेंट खरीदा था। यह प्रॉपर्टी अभी उनके होम-टाउन में अंडर कंस्ट्रक्शन है, जिसकी कीमत भी करोड़ों में है।



## ट्रोलर्स के निशाने पर रणबीर कपूर

**मुंबई, एजेंसी।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म च्ब्रह्मास्त्रज को लेकर सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर कपल का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें रणबीर फिल्म के प्रमोशन के दौरान आलिया की प्रेग्नेंसी के वजह से उनके वेट गेन का मजाक उड़ाते दिखाई दे रहे हैं।वीडियो में रणबीर-आलिया इस बारे में बात कर रहे हैं कि वो ब्रह्मास्त्रज का प्रमोशन हर शहर में क्यों नहीं कर रहे हैं? इसके जवाब में आलिया कहती हैं, च्हम इस फिल्म को प्रमोट करेंगे, लेकिन अगर आप पूछ रहे हैं कि हम हर जगह फैलते क्यों नहीं जा रहे हैं तो.....ज इतने में ही रणबीर ने आलिया की बात बीच में काट दी और कहने लगे, च्जब हम फैलने की बात कर रहे हैं, तो कोई है जो फैलता जा रहा है।ज यह सुनते ही कुछ देर के लिए आलिया भी चौंक गईं और फिर रणबीर ने उन्हें मनाया और कहा कि वह बस मजाक कर रहे हैं। आलिया यह सुनते ही तुरंत गुस्से में आ गईं, लेकिन जब तक वो कुछ बोलतीं उतने में ही रणबीर ने उनके कंधे पर हाथ रखते हुए कहा, च्मजाक कर रहा हूं। आप बहुत क्यूट वे में फैल रही हैं।

### यूजर्स ने रणबीर को किया ट्रोल

वीडियो देखने के बाद यूजर्स रणबीर को खरी-खोटी सुना रहे हैं। सोशल मीडिया पर यूजर्स लगातार इस बारे में बात कर रहे हैं और कह रहे हैं कि रणबीर, आलिया को फैट शेम नहीं कर सकते हैं। जहां एक यूजर ने लिखा, च्रणबीर को आलिया पर यह कमेंट नहीं करना चाहिए था। वो प्रेग्नेंट हैं।ज वहीं दूसरे यूजर ने लिखा, च्इस जोक को ना बोलते तो भी चलता।

### इसी साल 14 अप्रैल को हुई दोनों की शादी

रणबीर और आलिया ने इसी साल 14 अप्रैल को परिवार और कुछ खास दोस्तों की मौजूदगी में शादी की थी। शादी के पहले दोनों 5 साल तक रिलेशनशिप में थे। उनकी पहली मुलाकात 2017 में फिल्म च्ब्रह्मास्त्रज के सेट पर हुई थी। कुछ दिन पहले ही आलिया ने सोशल मीडिया पर हॉस्पिटल की फोटो शेयर कर बताया था कि वो दोनों जल्द ही पेरेंट्स बनने वाले हैं।


ग्वारीघाट का नजारा जहां पर सभी दुकानें पानी में डूबी हुई


महापौर, कलेक्टर गिरते हुए पानी में जलप्लावन वाले क्षेत्रों में पहुंचे

## तेज बारिश के बीच भी महापौर ने शहर के अनेक क्षेत्रों का दौरा

कछपुरा सम्भाग के अंतर्गत आने वाले शिव नगर और आसपास के क्षेत्रों में पहुंचकर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने लिया जल निकासी की व्यवस्थाओं का जायज़ा। स्वास्थ्य विभाग एवं अतिक्रमण विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर जल निकासी को सुगम बनाने के दिए निर्देश देते हुए कहा कि जल प्लावन की शिकायत आते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर नागरिकों को राहत दिलाए नगर निगम का अमला।

## ये है हमारा जबलपुर, जिसे महानगर बनना है


जिला अस्पताल विक्टोरिया में भरा पानी

# स्मार्ट सिटी नहीं, जल प्लावन से मुक्ति दिला दें नेता-अफसर

## बस्तियों में भरा पानी, मचा हाहाकार ,लोगों ने कहा रात में सोए नहीं, सुबह से पानी खाली कर रहे

**जबलपुर, यशभारत। शनिवार रात से जारी घनघोर बारिश रविवार की दोपहर तक चलती रही है। जलप्लावन से निपटने की सारी व्यवस्थाएं एक बार फिर बेकार साबित हुई हैं। आफत की बारिश से निचली बस्तियों के घरों में पानी भर गया, लोग रात भर सोए नहीं , सुबह से लेकर दोपहर तक पानी को निकालते रहे। भारी बारिश से लोगों की आह.. निकल आई। जिन-जिन कॉलोनियों में पानी भरा है वहां हाहाकार मचा हुआ है। पीड़ित लोगों का कहना था कि साहब-नेताओं से यही मांग है कि स्मार्ट सिटी नहीं सिर्फ जल प्लावन से मुक्ति चाहिए।**

मालूम हो कि बंगाल की खाड़ी में बने नए सिस्टम के कारण एक बार फिर वर्षा का दौर शुरू हो गया है। शनिवार की रात से ही धुआंधार वर्षा हो रही है। रुक-रुक कर हो रही बारिश का सिलसिला बीते कुछ दिनों से ही बना हुआ था। जो आज सुबह से भारी बारिश में तब्दील हो गया। सुबह साढ़े आठ बजे से समाचार लिखे जाने तक जारी है और करीब 4 इंच बारिश हो चुकी है। बारिश के चलते मौसम खुशनुमा तो हो गया पर जोरदार बरसात ने नगर निगम की पोल खोल कर रख दी। सड़कों में जहां-तहां पानी भरने से लोग परेशान हो गए। शहर के कई स्थानों में तो जल प्लावन की स्थिति तक बन गई।

### महापौर-कलेक्टर दिखें सक्रिय, निगम के अफसरों की खानापूर्ति

आफत की बारिश में लोगों को परेशानी न हो इसके लिए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, कलेक्टर डॉक्टर इलैयाराजा टी उन स्थानों पर पहुंचे जहां पर जलप्लावन की शिकायतें मिली थी। कलेक्टर-महापौर अधारताल और शिवनगर के क्षेत्रों में पहुंचे वहां पानी निकासी के लिए तत्काल व्यवस्था की गई। इधर नगर निगम के अधिकारी जलप्लावन को लेकर खानापूर्ति करते नजर आए।

### ग्वारीघाट में दुकानें डूबी, एसपी ऑफिस में भरा पानी

सुबह-सुबह हुई बारिश से सबसे ज्यादा असर ग्वारीघाट क्षेत्र में देखने को मिला है। यहां की दुकानें पूरी तरह से डूब गई यहां निवासरत लोग अपने-अपने घरों को छोड़कर कहीं और चले गए हैं। एसपी ऑफिस में भी पानी भर गया।

### इन कॉलोनियों में भरा पानी

चेरीताल, जानकी नगर, , दीक्षिपुरा से चेरीताल मार्ग, दमोहनाका से बल्देवबाग, सिविक सेंटर,गुप्तेश्वर, नेपियर टाउन,राइट टाउन सहित विजय नगर, दीनदयाल चौक, जानकी नगर, वसुंधरा कालौनी संगम कालोनी,सरस्वती कालौनी, मिलौनी गंज नरघईया,अंधेरदेव, तुलाराम चौक अग्रवाल कालोनी, गढ़ा धनवंतरी नगर सतेत कई निचले स्थानों में पानी भर गया जिसके कारण आम जनता परेशान होती नजर आई। शहर की सड़कें तालाब में तब्दील हो गई हैं।



### भरभराकर गिरा मकान

शहर ही नहीं पूरे प्रदेश पर एक बार फिर मेहरबान हुए काले मेघों ने जमकर बारिश की। जिसके चलते पूरा शहर जलमग्न हो गया है। स्थिति है कि रोड पर ट्रेफिक नदारत है तो वहीं पनेहरा पेट्रोल पंप के पास एक पुराना दरख्त, भारी बारिश की चपेट में आकर धरासाई हो गया तो वहीं वल्दीकोरी की दफाई शीतलामाई थाना घमापुर में संदीप चौधरी का पुराना मकान भरभराकर गिर गया।


पनेहरा पेट्रोल के समीप तेज बारिश के चलते पेड़ गिरा

### पाटन के सरकारी कार्यालयों के परिसर में पानी ही पानी

पाटन के सरकारी विभाग बस स्टैंड तहसील प्रांगण स्थित पुलिस, राजस्व,पीडब्ल्यूडी, कृषि जनपद, तहसील कार्यालयों परिसर में बारिश के पानी भर गया है। यहां एक एक फुट पानी भरा है। निकासी ने होने से कर्मचारी अधिकारी परेशान हैं।

### भारी बारिश ने फ्लाइट की उड़ानों पर लगाया ब्रेक

भारी बारिश के चलते आज रविवार को अनेक फ्लाइट्स की उड़ानों पर ब्रेक लग गया है। जिसके चलते फ्लाइट अपने निर्धारित समय से बिलंब पर चल रहीं है। एयरपोर्ट पर यात्रियों को इस कारण भारी परेशानियों का सामान करना पड़ रहा है। तो वहीं जिला अस्पताल विक्टोरिया के हालत बद्तर है। यहां मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### मरीजों पर बरसी आफत

शहर में भयंकर वर्षा से स्थिति चिंताजनक हो गई है। जिसके चलते जिला अस्पताल विक्टोरिया के हालत बद्तर है। यहां पार्किंग में खड़ी एम्बुलेंस आधी-आधी डूब गयीं तो वहीं, मरीजों को लेकर आ रहीं एम्बुलेंस भी बीच रास्ते बंद हो गयीं। जिसके चलते मरीजों की जान आफत में आ गयी।



## मैं हूं गांधी के विचारों को लेकर गिरते पानी में तीन पत्रकारों का पैदल मार्च

जबलपुर यशभारत। मैं, गांधी हूं... यह सबको समझना चाहिए.. उनके विचारों को आत्मसात करने का वक्त तो बहुत पहले से था लेकिन उसे अब पूरी जिंदगी में उतारने का सही समय है। इन विचारों के साथ शहर वरिष्ठ पत्रकार काशीनाथ शर्मा, गंगाचरण मिश्रा और रविंद्र दुबे की अगुवाई 'हाँ मैं गाँधी' पैदल यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। 'हाँ मैं गाँधी' इस संकल्प के साथ, युवा पीढ़ी को महात्मा गाँधी के विचारों से जोड़ने के लिए तीन पत्रकार साथी काशीनाथ, गंगा चरण मिश्र, रविंद्र दुबे गाँधी पैदल मार्च निकाल रहे हैं। प्रात: 8 बजे टाउन हॉल स्थित गाँधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि के साथ पैदल मार्च की शुरुआत हुई। यह मार्च टाउन हॉल से शुरू होकर तिलवारा स्थित त्रिपुरी स्मारक तक होगा।

**15 किलोमीटर के पैदल मार्च में नहीं लड़खड़ाए पैर, मिला भरपूर साथ**

15 किलोमीटर का यह मार्च टाउन हॉल, अंधेरदेव, कमानिया गेट, बड़ा फुहारा, घमंडी चौक, लार्डगंज, सुपर मार्केट, मालवीय चौक, तीन पट्टी चौक, ब्लूम चौक, शास्त्री ब्रिज, आदि शंकराचार्य चौक (छोटी लाइन), महानद्दा, दशमेश द्वार, एल आई सी, बेदी नगर, सूपाताल, त्रिपुरी चौक, मेडिकल तिराहा (नेताजी सुभाष चंद बोस प्रतिमा), बाजना मठ, शाह नाला, लिटिल वर्ल्ड स्कूल से होता हुआ गाँधी स्मारक तिलवारा पहुंचेगा। इसमें जबलपुर के विभिन्न संगठनों के युवा और गाँधी विचार से सहमत समाजसेवी सम्मिलित हो रहे हैं। दोपहर 12 बजे समापन स्थल पर समाजवादी चिंतक विचारक साथी रघु ठाकुर का 'गाँधी आज क्यों जरूरी' विषय पर व्याख्यान हुआ

गैलेक्सी
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
आर्यरा AaryAra (illuminate AspiratioN)
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com www.galaxyhospitaljbp.com

ADMISSION OPEN
30 वर्षों से तकनीकी शिक्षा में अग्रसर
शासन द्वारा पुरस्कृत/उत्कृष्ट प्रशिक्षण संस्थान
भारतीय I.T.I.
DGT & NCVT
Govt. of India
इलेक्ट्रिशियन Two Year Engg. Trade फिटर
छात्रवृत्ति सुविधा व प्रशिक्षण पश्चात् रोजगार के सुअवसर
भारतीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था
चौरसिया होटल के सामने, शारदा चौक, मदन महल, जबलपुर
0761:4003860, 9425150550, 8770094210, 7974960286

Since - 1992
ADMISSION OPEN
हिन्द ITI
AFFILIATED BY DGT & NCVT (GOVT. OF INDIA)
Skill India
ELECTRICIAN 2 Year Engg. Trade Traning With Placement
★ Study With Practical
★ Scholarship Facilities
★ Free Computer Traning Education
★ Free Industrial / Educational Visit
★ Special Career Guidence / Job Placement
N.H. 7 MANSAKRA NAKA, SIHORA, JABALPUR (M.P)
Contact - 9425162863, 9424659053, 8770570620, 8770094210

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन,Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर 07614038666, 7049079825 9300920067

हृदय रोग जांच एवं परामर्श
डॉ. इसरार अहमद
M.B.B.S., PGDCC (Dip.Card), CCEBDM, FNIC
Fellowship in Echocardeography
हार्ट अटेक (हृदयघाट) | उच्च रक्तचाप | घबराहट व धड़कन बढ़ना
सीने में दर्द व भारीपन | बी.पी.का बढ़ना या घटना | बिना वजह पसीना आना
दिन- सोमवार से शनिवार समय- शाम 6:30 से 10:00
मो. 9717459755/फोन-0761-2443366
पता-1969,नाज मेडिकल हाईकोर्ट रोड रद्दी चौकी, जबलपुर

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
फ्रूट आयटम उपलब्ध
→रोस्टेट नमकीन →सत्तू →मूंगफल्ली की लइया →रोस्टेट ड्राई फ्रूड
→वेफ्ड टोस्ट →करेला चिप्स →पीनट चिक्की →ड्राईभेल →बिस्केट
→फुल्की →रोस्टेड मूंगफल्ली →सिंधी पापड़ →चने
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )